भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय द्वारा पंजीकृत संख्या UTTHIN/2015/66525

E-mail: amarujiyara@gmail.com

# अमर उजियारा

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–7 अंक–13 सोमवार, 19 जुलाई 2021 हल्द्वानी (नैनीताल) मूल्य 5/– रुपया पृष्ठ 8

# मुख्यमंत्री धामी ने किया महालक्ष्मी योजना का हुआ शुभारम्भ

## सीएम और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने लाभार्थी महिलाओं को महालक्ष्मी किट का वितरण किया




देहरादून। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के तहत प्रथम दो बालिकाओं/जुड़वा बालिकाओं के जन्म पर माता और नवजात कन्या शिशु को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने लाभार्थी महिलाओं को महालक्ष्मी किट का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने चयनित लाभार्थी माताओं और नवजात शिशुओं को महालक्ष्मी किट वितरित किये। पूरे राज्य में समस्त जनपदों के कुल 16929 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता का परिणाम है कि इस अभियान से व्यापक जनजागरूकता आई है। इससे लिंगानुपात में सुधार भी देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने आस पास देखें तो पाएंगे कि बेटों की बजाय बेटियां माता पिता का अधिक ख्याल रखती हैं। आज जीवन का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जहाँ बेटियों ने सफलता न पाई हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदा गौरा देवी कन्याधन योजना बेटियों को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण योजना है। जल्द ही मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना शुरू करने जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि हमें बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए दोहरी मानसिकता को खत्म करना है। प्रकृति और संविधान ने समानता का संदेश दिया है। इसलिए बेटियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। महिला-पुरुष का समाज में समान महत्व है। भेदभाव की सोच को समाप्त करना है। प्रसवोपरांत मातृ व कन्या शिशु के पोषण और अतिरिक्त देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के तहत प्रथम दो बालिकाओं/जुड़वा बालिकाओं के जन्म पर माता और नवजात कन्या शिशु को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर सचिव श्री हरि चंद्र सेमवाल व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना मे आवेदन हेतु आवश्यक अभिलेख / शर्ते :

1. आंगनवाडी केंद्र पर पंजीकरण
2. सरकारी अथवा प्राइवेट मातृ-शिशु रक्षा कार्ड की प्रति ( रूष्टक्क कार्ड)
3. संस्थागत प्रसव प्रमाण पत्र (यदि किसी आकस्मिक कारणवश रास्ते में या घर में प्रसव है हुआ है तो तद्विषयक आंगनवाडी कार्यकर्त्री/ मिनी कार्यकर्त्री/आशा वर्कर / चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र )
4. परिवार रजिस्टर की प्रति
5. प्रथम द्वितीय / जुड़वाँ कन्या के जन्म हेतु स्वप्रमाणित घोषणा
6. नियमित सरकारी /अर्धसरकारी सेवक तथा आयकरदाता न होने विषयक प्रमाण पत्र।

# विधायक चमोली ने किया सड़क का शिलान्यास



देहरादून। धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने टर्नर रोड वार्ड में राज्य योजना से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनीं। विधायक ने सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक चमोली ने कहा कि इस सड़क का काम पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा। सड़क निर्माण के साथ दोनों तरफ नालियां भी बनाई जाएगी, ताकि बरसात में जलभराव जैसी समस्या न हो। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही काम समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत योजना के तहत हुए पेयजल योजना कार्य का निरीक्षण भी किया। केशव विहार के लोगों ने पेयजल लाइन बिछाने और सड़क बनाने के लिए विधायक का स्वागत किया। बीजेपी नेता महेश पांडे के साथ क्लेमेनटाउन कैंट बोर्ड टर्नर रोड की गली नंबर 13 में लोगो के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और एक नीम का पौधा भी लगाया। इस मौके पर बीजेपी नेता महेश पांडे, प्रदेश महामंत्री रवि वाल्मीकि, धर्मपाल रावत, सुनील पुंडीर, प्रियंका गुसाईं, सविता मेहता, भुवनेश, अशोक वर्मा, रामकुमार सिंघल, अनिल कुमार, मनजीत, हरिकिशन शर्मा मौजूद रहे।

# हिंदी साहित्य समिति ने डा.हरिदत्त भट्ट शैलेश को किया याद

देहरादून। हिन्दी साहित्य समिति देहरादून के साप्ताहिक व्याख्यानमाला में कवि साहित्यकार और दून स्कूल के पूर्व शिक्षक स्व. डा. हरिदत्त भट्ट शैलेश के व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्याख्यान ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डा. रामविनय सिंह ने की। मुख्य वक्ता दून स्कूल के शिक्षक डा. अरविंदनाभ शुक्ल रहे। संचालन शिवमोहन और संयोजक शिव पैन्यूली रहे। डा.अरविंद नाभ ने डा. हरिदत्त भट्ट शैलेश के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे श्रेष्ठ शिक्षक होने के साथ ही श्रेष्ठ कवि और साहित्यकार भी थे। उन्होंने लगभग 400 से अधिक रचनाएं लिखी। जो 40 पुस्तकों में प्रकाशित हुई। उन्होंने दून स्कूल में भाषा विभाग के अन्तर्गत बांग्ला, पंजाबी, उर्दू, हिन्दी आदि अनेक भारतीय भाषाओं की पढाई शुरू करवाई। वे स्वयं हिन्दी भाषा को इतनी अच्छी तरह पढाया करते थे कि, अंग्रेजी माध्यम के दून स्कूल में छात्र हिन्दी भाषा को विषय के रूप में पढते थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. रामविनय सिंह ने कहा कि वे सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए जीवन पर्यन्त साधनारत रहे। उनकी कुछ प्रमुख पुस्तकें हैं--हिमालय माई हैवन, शिखर और शिखर, आगे और आगे, वापसी, बर्फ और बर्फ, सतरंगी सौ कहानियां, सपने और सपने, अभियान और अभियान, मेरी 21कहानियां आदि। महामंत्री हेमवती नंदन कुकरेती ने कहा कि डा. शैलेश हिन्दी साहित्य समिति देहरादून के आजीवन सदस्य के साथ ही मार्ग दर्शक भी थे। डॉ देवेन्द्र कुमार सिंह, डॉ विद्या सिंह, राकेश बलूनी, सुधा रानी पाण्डे, इन्दुकुमार पाण्डे पूर्व मुख्य सचिव, नीता कुकरेती, इन्दिरा जुगरान, अरूण कुमार सज्जन, अजय अनुपम, आशा रावत, पारूल दीक्षित भी चर्चा में शामिल हुए।

# संत निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में हुआ 125 यूनिट रक्तदान

देहरादून। संत निरंकारी मिशन ब्रांच देहरादून में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से मानवता की सेवा के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा ने विधि वत रिबन काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में लक्ष्य से अधिक 125 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह, नरेश विरमानी, संचालक मंजीत सिंह की उपस्थिति में मेयर सुनील उनियाल गामा ने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने रक्तदान करने आये संत निरंकारी मिशन के सेवादल के अनुयायियों के जज्बे को सराहा। मुख्य अतिथि सुनील उनियाल गामा ने कहा कि, संत निरंकारी मिशन मानवता की सेवा के लिए सदैव अग्रणी रहा है। कोरोना काल में जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह के मार्गदर्शन में समय-समय पर उत्तराखंड के कई स्थानों पर रक्तदान एवं सफाई अभियान चलाया है। रक्तदान के लिये 185 मिशन के अनुयायियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसमें समय पूरा होने से 125 रक्तदान कर सके। संत निरंकारी मिशन के सेवादल, एसएनसीएफ तथा साध संगत के संतों ने मिलकर रक्तदान शिविर में भाग लिया।

# डॉ. मधु थपलियाल की पुस्तक लीडर का हुआ विमोचन

## आज कामरेड कमलाराम जैसे लीडर की जरूरत : कुडियाल

देहरादून। समाज के विकास के लिए हर क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों को समाज हित में काम करने के लिए आगे आना होगा। उत्तराखंड को पूर्ण रूप से सशक्त राज्य बनाने के लिए एक सही रोडमैप बनना चाहिए। आज के समय में कामरेड कमलाराम जैसे लीडर की जरूरत है। यह कहना है वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. महेश कुडियाल का। रविवार को रिस्पना स्थित एक होटल में डॉ. मधु थपलियाल की पुस्तक शलीडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. महेश कुडियाल, अनूप नौटियाल, उद्योग विभाग के निदेशक सुधीर नौटियाल, डॉ. शिव प्रसाद कुडियाल, वरिष्ट रेडियोलोजिस्ट, डॉ. मधुर उनियाल, डॉ. मधु थपलियाल, कमला नौटियाल, सुभाशीष थपलियाल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉ. मधुर उनियाल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एक अच्छे डॉक्टर को एक अच्छा चिकित्सक लीडर होना चाहिए जो निस्वार्थ मनुष्यता की सेवा कर सके। डॉ. शिव प्रसाद कुडियाल ने कहा कि डॉ. मधु थपलियाल ने कामरेड कमला राम नौटियाल के नेतृत्व गुणों पर लीडर पुस्तक समाज के सामने रखकर एक आदर्श स्थापित किया है। पत्रकार जय सिंह रावत ने कमला राम नौटियाल के जीवन के बहुत सारे संस्मरण याद किए। जौनसारी साहित्यकार सुनीता चौहान ने पुस्तक की सराहना की। पुस्तक की लेखिका डॉ. मधु थपलियाल ने बताया कि इस कोरोना युग में उन्हें महसूस हुआ कि उनके पिता कामरेड कमला राम नौटियाल ने शुरू से ही जिस उत्तराखंड राज्य की लड़ाई लड़ी, जो जनसंघर्षों के नेता रहे, जो असल माइनों में लीडर थे। आज ऐसे लीडर की कमी उन्हें खली और उन्होंने इस पुस्तक का नाम लीडर रखा। ि

# सम्पादकीय

## कांवड़ यात्रा

मंगलवार को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा कोविड प्रोटोकॉल के साथ कांवड़ यात्रा को अनुमति दिये जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख दिखाते हुए राज्य व केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। ऐसे में जब यात्रा माह के अंतिम सप्ताह में शुरू होनी है, अदालत ने शीघ्र फैसले के मद्देनजर शुक्रवार को मामले में सुनवाई रखी है। मामले में स्वत संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति आर. एफ. नरीमन की पीठ ने केंद्र व यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति नरीमन ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि हमने परेशान करने वाली खबर पढ़ी कि उत्तर प्रदेश सरकार कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे रही है, जबकि उत्तराखंड सरकार ने रोक लगायी है। अदालत ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री ने कोरोना से निपटने में सख्ती बरतने की जरूरत बताई है, वहीं यूपी सरकार कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे रही है। दरअसल, कांवड़ यात्रा 25 जुलाई को शुरू होनी थी, अतरू मामले में जल्दी फैसले के मद्देनजर कोर्ट ने केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार से 16 जुलाई की सुबह तक जवाब मांगा है। कोरोना संकट के मद्देनजर काफी दुविधा के बाद उत्तराखंड सरकार ने इसे रोकने का फैसला लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मानना था कि कांवड़ यात्रा से महत्वपूर्ण लोगों का जीवन बचाना है। इससे पहले आईएमए की उत्तराखंड शाखा ने भी कांवड़ यात्रा का विरोध किया था। वहीं यूपी सरकार की मंशा है कि कुछ पाबंदियों के साथ इस यात्रा को जारी रखा जाए। मंगलवार को अधिकारियों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना था कि कोविड प्रोटोकॉल के साथ यात्रा को जारी रखा जा सकता है। साथ ही यह भी कि आरटी–पीसीआर की नेगेटिव जांच रिपोर्ट की अनिवार्यता को लागू किया जायेगा। इसके अलावा न्यूनतम लोगों को यात्रा में शामिल होने को कहा जायेगा।दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार के इसी फैसले पर देश की शीर्ष अदालत ने सख्त रुख दिखाया है। उत्तराखंड सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा पर रोक से पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने चारधाम यात्रा के आयोजन पर भी रोक लगा दी थी, जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। निस्संदेह जब लाखों लोगों का कांवड़ मेले में आना तय है तो कोविड नियमों का पालन करा पाना संभव नहीं था। लाखों लोगों के कोविड टेस्ट भी इतने कम समय में कराना कठिन था। वैसे भी कांवड़ मेला इतना अव्यवस्थित व अनियंत्रित होता है कि उसे सीमित करने के लिये कई इंतजाम करने पड़ते। दरअसल, कांवड़ मेला सिर्फ उत्तराखंड का ही मामला नहीं था, इसमें बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल व दिल्ली के श्रद्धालु भाग लेते हैं। इन सरकारों के सहयोग के बिना इस पर रोक लगाना संभव भी नहीं था, जिसके चलते उत्तराखंड सरकार ऊहापोह में थी। उसे व्यापारियों, होटल मालिकों व पुरोहितों की चिंता भी थी, जो सालभर की कमाई कांवड़ मेले से पूरी करते हैं। कोरोना संकट के चलते उनका धंधा पहले ही मंदा है। लेकिन उत्तराखंड सरकार ने जीवन रक्षा व जनता की सेहत को प्राथमिकता देकर विवेक का परिचय दिया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों बयान भी दिया था कि निस्संदेह कांवड़ यात्रा आस्था से जुड़ा मसला है लेकिन कोविड संक्रमण के चलते लोगों की जान जाये, ये भगवान को भी अच्छा नहीं लगेगा। दरअसल, स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी चेता रहे थे कि कांवड़ यात्रा कुंभ से ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकती है। ऐसे में कुंभ के चलते किरकिरी झेलने वाली उत्तराखंड सरकार और अपयश नहीं चाहती थी। हालांकि, आसन्न चुनावों के चलते मामला संवेदनशील भी था। पिछले दिनों हिल स्टेशनों में पर्यटकों ने जैसी स्वच्छंदता दर्शायी है, उस पर प्रधानमंत्री तक ने चिंता जताई है। वैसे भी कांवड़धारी अपनी स्वच्छंदता के लिये जाने जाते हैं और हर साल बड़ी संख्या में पुलिस–प्रशासन से टकराव की खबरें आती रहती हैं। निस्संदेह राज्य सरकारें आस्था के चलते अपने दायित्वों के निर्वहन में कोताही नहीं बरत सकतीं।

## पाखी हेगड़े का तेलुगू डेब्यू, शिवा कांतिमणि के साथ फिल्म मणिशंकर में आएंगी नजर



मराठी, हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में अपनी ऐक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं ऐक्ट्रेस पाखी हेगड़े जल्द ही साउथ की फिल्म श्मणिशंकरश् में नजर आएंगी। यह पाखी की पहली तेलुगू फिल्म है जिसमें उनका किरदार मणि का है। इस फिल्म के लीड रोल में शिवा कांतिमणि हैं। फिलहाल, इस फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। लाइट हाउस सिने क्रिएशन के बैनर तले बनने वाली फिल्म श्मणिशंकरश् का हिस्सा होने पर पाखी ने पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।पाखी हेगड़े ने कहा, श्तेलुगू में मेरी इस शानदार यात्रा को अवसर देने के लिए शिवा कांतिमणी को धन्यवाद। साथ ही सुब्बा राव को भी थैंक्स जिनका मुझे हमेशा साथ मिला। मैं इस फिल्म के हर लम्हे का आनंद ले रही हूं।पाखी ने दर्शकों से भी फिल्म और अपने रोल को भरपूर प्यार देने की उम्मीद जताई है। बता दें, फिल्म श्मणिशंकरश् में शिवा और पाखी के अलावा चाणक्या और संजना ग्लरानी भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म के निर्माता पाणि भूषण और ए वी श्रीनिवास हैं। सिनेमेटोग्राफी प्रभाकर रेड्डी के हाथ में है तो स्टोरी, स्क्रीनप्ले और डायरेक्शन जी वेंकट कृष्णन कर रहे हैं।

## दिवंगत पत्रकार के परिजनों को दी सहायता राशि

चम्पावत। कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले पत्रकार के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। डीएम विनीत तोमर ने शनिवार को कलक्ट्रेट में हुए संक्षिप्त कार्यक्रम में दिवंगत पत्रकार अशोक गुप्ता की पत्नी रजनी गुप्ता को पांच लाख रुपये का चेक दिया। डीएम विनीत तोमर ने बताया कि कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले पत्रकारों के लिए केंद्र सरकार ने पत्रकार कल्याण योजना की शुरुआत की है।

# समान नागरिक संहिता पर संघ का दृष्टिकोण अपरिवर्तनीय

कृष्णमोहन झा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारकों की चित्रकूट में संपन्न वार्षिक बैठक में यूं तो अनेक महत्वपूर्ण फैसले किए गए परंतु बैठक के समापन अवसर पर सरसंघचालक मोहन भागवत ने समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण के संबंध को जो विचार व्यक्त किए उनकी निश्चित रूप से विशेष अहमियत है। संघ प्रमुख ने इन दोनों विषयों पर संघ के दृष्टिकोण की विस्तार से चर्चा की जिसमें कहीं कोई छुपाव और दुराव नहीं था । मोहन भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दों पर संघ के दृष्टिकोण में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। संघ का हमेशा से ही यह मानना रहा है कि ये राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दे हैं जिन पर दृढ़ता से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इन्हें किसी धर्म से जोड़ कर देखना उचित नहीं होगा। गौरतलब है कि मोहन भागवत हमेशा से ही देश में सभी धर्मों के लिए समान नागरिक संहिता और जन संख्या नियंत्रण कानून लागू किए जाने के न केवल पक्षधर रहे हैं बल्कि उनका स्पष्ट मानना है कि ऐसे कानूनों का कठोरता से पालन भी होना चाहिए। इन दोनों मुद्दों पर संघ की विचारधारा को उन्होंने हमेशा ही विभिन्न मंचों से बिना किसी लाग–लपेट के प्रस्तुत किया है। संघ प्रमुख ने चित्रकूट बैठक के बाद प्रश्नोत्तर शैली में व्यक्त अपने विचारों में धर्मांतरण को भी हतोत्साहित करने के लिए अपनत्व को बढ़ावा देने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि हम समाज में अपनत्व को बढ़ाकर धर्मांतरण के खघतरों का बेहतर तरीके से सामना कर सकते हैं। अपने संबोधनों में हमेशा ही सामाजिक समरसता पर अपने जोर देने वाले मोहन भागवत ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि मनुष्य का व्यवहार मनुष्यवत होना चाहिए। मनुष्यता के अभाव में मनुष्य होने का कोई मूल्य नहीं है। संघ प्रमुख ने संघ प्रमुख ने अपने बौद्धिक में हिंदुत्व के बारे में संघ की अवधारणा को लेकर व्याप्त रही सारी शंकाओं को निराधार बताते हुए कहा कि हिंदुत्व का स्वरूप विराट और विस्तृत है जिसमें कुछ भी छिपा हुआ नहीं है। संघ प्रमुख ने हिंदुइज्म शब्द से अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदुत्व को सीमित दायरे में बांध कर देखना उचित नहीं होगा। यहां यह विशेष उल्लेखनीय है कि संघ प्रमुख ने विभिन्न अवसरों पर और विभिन्न मंचों से हमेशा ही हिंदुत्व को एक पूजा पद्धति के रूप में परिभाषित किया है । संघ द्वारा नई दिल्ली में लगभग तीन वर्ष पूर्व आयोजित भविष्य का भारत कार्यक्रम में उन्होंने हिंदुत्व के बारे में महात्मा गांधी के इस कथन की विशेष रूप से चर्चा की थी कि सत्य की अनवरत खोज का नाम हिंदुत्व है। संघ प्रमुख ने चित्रकूट में प्रांत प्रचारकों की बैठक के बाद अपने बौद्धिक में जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिक संहिता के संबंध में जो विचार व्यक्त किए उन्हें वर्तमान परिस्थितियों में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल में ही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की दिशा में पहल करते हुए एक विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी है। संसद के प्रस्तावित मानसून सत्र में इसी मुद्दे पर उच्च सदन में एक गैर सरकारी विधेयक पर चर्चा हो सकती है। इसलिए इन मुद्दों पर सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान की देश में उत्सुकता से प्रतीक्षा की जा रही थी। संघ सभी धर्मों के लोगों के लिए समान नागरिक संहिता लागू किए जाने पर जोर देता रहा है। इसलिए यह तो तो तय है कि कोई राज्य सरकार अथवा केंद्र की मोदी सरकार अगर जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिक संहिता लागू करने करने के लिए कानून बनाने की दिशा में पहल करती है तो सरकार की उस पहल को संघ अपना पूरा समर्थन प्रदान करेगा।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने चित्रकूट में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले , पांच सहकार्यवाह सहित लगभग 40 शीर्ष पदाधिकारियों के साथ जिन ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर विचार विमर्श किया उनमें राम जन्मभूमि और कोरोना की तीसरी लहर में संघ के स्वयंसेवकों के दायित्व तय करने के बारे में विशद चर्चा हुई। जिसमें मोहन भागवत ने देश के विभिन्न भागों में कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान कोरोना पीडिघ्तों की सहायता के लिए संघ के द्वारा प्रारंभ किए गए सेवा कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें आगे जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। गौरतलब है कि देश में कोरोना संकट की शुरुआत होने के बाद से ही संघ के स्वयंसेवक अन्य समाज सेवी संगठनों के द्वारा जारी राहत कार्यों में भी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।अनेक स्थानों पर संघ द्वारा अपनी ओर से भी राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि प्रमुख ने समय समय पर दिए गए अपने संदेशों में कोरोना संक्रमण से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए संघ के स्वयंसेवकों को निर्देशित किया था। देश के वैज्ञानिकों और चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा कुछ सप्ताहों के अंदर ही देश में कोरोना की तीसरी लहर आने की जो आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं उसे ध्यान में रखते हुए संघ ने अपनी चित्रकूट बैठक में अनेक महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। संघ ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर का बेहतर तरीके से सामना करने के लिए स्वयंसेवकों के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित करने का अभियान प्रारंभ करने का फैसला किया है। इस काम में कोरोना की दूसरी लहर में सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले समाज के अन्य लोगों को भी शामिल किया जाएगा। कोरोना की तीसरी लहर से लोग खुद को सुरक्षित रख सकते हैं , उन्हें यह जानकारी देने के लिए संघ पहले कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करेगा। फिर ये प्रशिक्षित कार्यकर्ता संघ के जन जागरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों को कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के कारगर उपायों से अवगत कराएंगे। संघ ने सेवा कार्यों से जुड़े लोगों और संस्थाओं को भी जनजागरण अभियान से जोडने का फैसला किया है । इसमें कोई संदेह नहीं कि कोरोना काल में संघ प्रमुख ने अपने प्रेरणास्पद संदेशों के माध्यम से संघ के स्वयंसेवकों का जो उत्साह वर्धन किया उसने उसने उन्हें समर्पित भाव से कोरोना पीडिघ्तों की सेवा के कार्यों में जुटे रहने के लिए प्रेरित किया। कोरोना संक्रमण की भयावहता को नियंत्रित करने के लिए लागू किए गए लाक डाउन के कारण यद्यपि संघ की नियमित शाखाओं का संचालन अवश्य बाधित हुआ परंतु संघ के स्वयंसेवक इस दौरान द्विगुणित उत्साह और ऊर्जा के साथ सेवा कार्यों में जुटे रहे और यह सिलसिला निरंतर जारी है।कोरोना की दूसरी लहर मंद पडने के बाद देश में अनेक स्थानों पर संघ की नियमित शाखाओं का संचालन पुनरू प्रारंभ हो चुका है जिनमें कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने चित्रकूट में अपने बौद्धिक में देश में समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण के लिए जल्द ही प्रभावी कानून बनाने और उनका कठोरता से पालन किए जाने पर विशेष जोर दिया तो संघ के नए सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने भोपाल में आयोजित विद्या भारती के नवनिर्मित भवन अक्षरा के उद्घाटन समारोह में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ऐसी जननीति के रूप में परिभाषित किया जिसे जनता के सुझावों को भी पर्याप्त महत्व प्रदान किया गया है। यह शिक्षा नीति समकालीन चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। सरकार्यवाह ने कहा कि कोरोना की महामारी ने हमारी शिक्षा व्यवस्था को भी कुंठित कर दिया था परन्तु संक्रमण की रफ्तार पर काबू पा लिए जाने के बाद स्थितियां सामान्य होती जा रही हैं । दत्तात्रेय होसबोले ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्या भारती का नया भवन शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में पूरे देश के लिए मार्गदर्शन का अभिनव केंद्र बनने में समर्थ होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम में प्रदेश में शीघ्र ही

## ग्रामीणों ने की प्रशासन से बंद सड़कों को खोलने की मांग

चम्पावत। चम्पावत जिले में अब भी चार ग्रामीण सड़कें बंद चल रही हैं। इन सड़कों से जुड़े हजारों ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने से यहां के ग्रामीण आवाजाही नहीं आ पा रहे हैं। चम्पावत जिले में शनिवार को चार ग्रामीण सड़कें बंद रहीं। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को पीएमजीएसवाई लोहाघाट की बाराकोट-कोठेरा, पीएमजीएसवाई चम्पावत की खटोली मल्ली, लोक निर्माण विभाग लोहाघाट डिवीजन की मूलाकोट-कांडे-भुइंया और रीठाखाल-मनटांडे सड़क बंद रहीं। बताया कि इन सभी सड़कों को खोलने के लिए कार्यदायी संस्थाओं ने जेसीबी मशीन लगाई हुई हैं। लेकिन सड़क में कई स्थानों पर भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आने से सड़क खोलने में दिक्कत हो रही है। उधर, सड़क बंद होने से सैंकड़ों ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को गांव से बाजार तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ रही है। इससे उनका अनावश्यक समय बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र बंद सड़कों को खोलने की मांग की है।

## नैनीताल में बीते सप्ताह पीक पर रही पर्यटकों की आमद इस वीकेंड आधे से भी हुई कम



नैनीताल । बीते सप्ताह पीक पर रही पर्यटकों की आमद इस वीकेंड धड़ाम से गिरकर आधी रह गई। रूसी बाइपास, नारायण नगर में पर्यटकों की रिपोर्ट जांचने के लिए पुलिस तैनात तो रही, मगर आमद कम होने से पर्यटकों के वाहनों को एंट्री प्वाइंट पर नहीं रोका गया। रूसी और नारायणनगर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। शहर के भीतर भी वीकेंड जैसा माहौल नहीं देखने को मिला। शनिवार को करीब पांच हजार सैलानियों के नैनीताल पहुंचने का अनुमान है।कोविड नियमों के छूट के बाद जून मध्य से शहर का पर्यटन कारोबार चल पड़ा था। जुलाई की शुरुआत में तो इतनी अधिक संख्या में सैलानी पहुंचे कि जिला प्रशासन को कोविड नियमों का अनुपालन नहीं होने की चिंता सताने लगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ के फोटोग्राफ देखकर फिर से सख्ती की चेतावनी दे दी थी, जिसके बाद बीते सप्ताह जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर बिना कोविड रिपोर्ट और बिना होटल बुकिंग पहुंच रहे पर्यटक वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी थी। दोपहिया वाहनों को वीकेंड पर शहर में प्रवेश ही नहीं करने दिया गया।

# नैनीताल से आठ किमी पहले रूसी बाइपास पर पार्किंग और होम स्टे बनाए जाएंगे

**नैनीताल**।नैनीताल में जगह सीमित है और यहां हाई कोर्ट राजभवन से लेकर जिला व मंडल के तमाम कार्यालय हैं। पार्किंग के लिए एकमात्र डीएसए मैदान है जिसकी क्षमता ५०० वाहनों की है। दूसरा नारायणनगर है जहां २५० से ३०० वाहन ही खड़े हो पा रहे हैं।

गणेश जोशी, हल्द्वानी : देश–दुनिया में प्रसिद्ध सरोवर नगरी नैनीताल की खूबसूरती पर्यटकों को आर्षित करती है। बढ़ती आबादी के साथ–साथ पर्यटकों की आवक बढ़ने से हाल में कोविड महामारी के बीच अराजकता जैसी स्थिति पैदा हो गई। भविष्य में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नैनीताल से आठ किमी पहले रूसी बाइपास के आसपास पार्किंग के अलावा होम स्टे विकसित करने की योजना बनाई है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।नैनीताल में जगह सीमित है और यहां हाई कोर्ट, राजभवन से लेकर जिला व मंडल के तमाम कार्यालय हैं। पार्किंग के लिए एकमात्र डीएसए मैदान है जिसकी क्षमता 500 वाहनों की है।



दूसरा नारायणनगर है, जहां 250 से 300 वाहन ही खड़े हो पा रहे हैं। क्षमता 700 तक करने के लिए इस जगह पर निर्माण चल रहा है। कलेक्ट्रेट में भी 250 वाहनों की पार्किंग बनाई जानी है। प्रशासन की योजना है कि भविष्य में सीजन के समय उन्हीं पर्यटकों को नैनीताल आने दिया जाएगा, जिनकी होटल में बुकिंग होगी।

## जल जनित रोगों की रोकथाम को लेकर बैठक की

नैनीताल। आगामी बरसात के मौसम में जल जनित रोगों की रोकथाम को लेकर उप जिलाधिकारी द्वारा आयोजित बैठक में जल संस्थान से नियमित पानी की सैंपलिंग करने, मलेरिया विभाग से जागरूकता फैलाने, नगर पंचायत से नगर की एवं निकटवर्ती कालोनियों में सेंचुरी मिल से सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल चंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी राजू नबियाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, भुवन पांडे, संजय जोशी, सभासद धन सिंह बिष्ट, दीपक बत्रा, संजय अरोरा, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, राजस्व निरीक्षक भीम सिंह कुटियाल, नगर पंचायत के सोनू भारती, मनोज बर्गली, गोपाल खत्री, डॉ. लव पांडे आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मियों ने हड़ताल की चेतावनी दी

नैनीताल। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मियों ने ठेका प्रथा को समाप्त करने व स्थाई नियुक्ति दिए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल की चेतावनी दी है। शनिवार को कालाढूंगी नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने एसडीएम गौरव चटवाल एवं नगर पंचायत वरिष्ठ लिपिक गीता चौधरी को ज्ञापन सौंपा। कालाढूंगी इकाई के अध्यक्ष जीवन वाल्मीकि और जिला महामंत्री महिपाल ने कहा कि मांगें नहीं माने जाने पर प्रदेश के नेतृत्व में 19 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। इस दौरान, गौरव, कलावती देवी, प्रेम प्रकाश, सचिन, सुमन देवी, सूरजा देवी, अनिल, महेंद्र सिंह, रेखा देवी, सुमित्रा देवी, धीरज आदि मौजूद रहे।

## ढेर, गंगोलीहाट के आदमखोर को शिकारी ने बनाया निशाना



नैनीताल।वन विभाग की टीम ने गुलदार का मार गिराने के लिए नैनीताल से शिकारी हरीश धामी को बुलाया था।12 जून को गुलदार ने एक ढाई वर्षीय बच्ची को उस वक्त अपना शिकार बना लिया था जब महिला इस बच्ची को अपनी गोद में लेकर घर को लौट रही थी। नेपाली मूल के इस परिवार की बच्ची की मौत के बाद क्षेत्र के लोग दहशत में थे। तहसील क्षेत्र के जरमाल गांव को आतंकित करने वाला गुलदार बीती रात्रि ढेर हो गया। नैनीताल से आए शिकारी ने गुलदार को अपना निशाना बनाया।तहसील मुख्यालय से 10 किमी. दूर जरमाल गांव के छाता तोक में बीती 12 जून को गुलदार ने एक ढाई वर्षीय बच्ची को उस वक्त अपना शिकार बना लिया था जब महिला इस बच्ची को अपनी गोद में लेकर घर को लौट रही थी। नेपाली मूल के इस परिवार की बच्ची की मौत के बाद क्षेत्र के लोग दहशत में थे। गुलदार गांव की सीमा पर आए दिन दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों की मांग पर गुलदार को आदमखोर घोषित किया गया था। वन विभाग की टीम ने गुलदार का मार गिराने के लिए नैनीताल से शिकारी हरीश धामी को बुलाया था।

## व्यापार कर और एआरटीओ कैंप कार्यालय खोलने की मांग

चम्पावत। व्यापार संघ पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय में व्यापार कर और एआरटीओ कैंप कार्यालय खोलने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने डीएम विनीत तोमर को ज्ञापन दिया है। उनका कहना है कि इस कार्य के लिए पहाड़ के व्यापारियों को टनकपुर की दौड़ लगानी पड़ रही है। शनिवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में व्यापार संघ चम्पावत इकाई के पदाधिकारियों ने डीएम विनीत तोमर को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यहां के व्यापारी लंबे समय से जिला मुख्यालय में व्यापार कर और एआरटीओ कार्यालय का कैंप कार्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं। लेकिन हर बार व्यापारियों की इस मांग की अनसुनी की जाती रही है। उनका कहना है कि जिले के अधिकांश व्यापारी और वाहन स्वामी पहाड़ी क्षेत्र में निवास करते हैं। कहा कि रीठासाहिब, बाराकोट, देवीधुरा, सीमांत तामली, लोहाघाट और पंचेश्वर घाटी के व्यापारी और वाहन स्वामियों को छोटे से कार्य के लिए भी टनकपुर की दौड़ लगानी पड़ती है। इससे उनका अनावश्यक समय और धन बर्बाद होता है। उनका कहना है कि सप्ताह में दो दिन जिला मुख्यालय में दोनों विभागों के कैंप कार्यालय लगाने से पहाड़ के लोगों को सहूलियत मिल सकेगी। डीएम ने पदाधिकारियों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में चम्पावत व्यापार संघ अध्यक्ष विजय चौधरी, महासचिव नवल जोशी, उपाध्यक्ष सतीश तिवारी और यशवंत बोरा शामिल रहे।

## ग्रामीणों ने की प्रशासन से बंद सड़कों को खोलने की मांग

चम्पावत। चम्पावत जिले में अब भी चार ग्रामीण सड़कें बंद चल रही हैं। इन सड़कों से जुड़े हजारों ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने से यहां के ग्रामीण आवाजाही नहीं आ पा रहे हैं। चम्पावत जिले में शनिवार को चार ग्रामीण सड़कें बंद रही। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को पीएमजीएसवाई लोहाघाट की बाराकोट–कोठेरा, पीएमजीएसवाई चम्पावत की खटोली मल्ली, लोक निर्माण विभाग लोहाघाट डिवीजन की मूलाकोट–कांडे–भुइंया और रीठाखाल–मनटांडे सड़क बंद रही। बताया कि इन सभी सड़कों को खोलने के लिए कार्यदायी संस्थाओं ने जेसीबी मशीन लगाई हुई हैं। लेकिन सड़क में कई स्थानों पर भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आने से सड़क खोलने में दिक्कत हो रही है। उधर, सड़क बंद होने से सैंकड़ों ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को गांव से बाजार तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ रही है। इससे उनका अनावश्यक समय बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र बंद सड़कों को खोलने की मांग की है।

## एटीएम व बैंकों पर रही ग्राहकों की भीड़

अल्मोड़ा। नगर के बैंक और एटीएम में शनिवार को  ग्राहकों की खासी भीड़ रही। दूर–दराज से आए लोगों के अलावा स्थानीय उपभोक्ताओं ने अपने बैंक संबंधी काम निपटाए। हरेला पर्व के अवकाश के बाद शनिवार को बैंक पहुंचे लोगों ने रुपये जमा करने, पास बुक में इंट्री, चेक जमा करने, ड्राफ्ट बनाने समेत अन्य आवश्यक कार्य किए। एसबीआई की मुख्य शाखा मालरोड में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। सुबह से लोग बैंक के बाहर लाइन लगाकर खड़े दिखे। वहीं मालरोड स्थित एटीएम में नगदी के लिए ग्राहकों की लंबी कतार देखी गई। नगर के पीएनबी, इलाहाबाद बैंक, एचडीएफसी, एसबीआई, कैनरा बैंक, अर्बन बैंक, जिला सहकारी बैंक, बैंक ऑफ बडौदा आदि बैंकों में भी लोगों की भीड़ देखने को मिली।

## जिला टीबी फोरम बैठक का हुआ आयोजन

चम्पावत। डीएम विनीत तोमर ने टीबी बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने सभी विभागों को टीबी के मरीज की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग को जानकारी देने को कहा है। शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला टीबी फोरम बैठक का आयोजन किया गया। डीटीओ डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि जिले में वर्तमान में टीबी के टीवी के 154 और एमडीआर के 12 एक्टिव केस हैं। उन्होंने बताया कि टीबी के चिन्हित मरीजों का उपचार किया जा रहा है। डीएम विनीत तोमर ने टीबी के मरीजों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देने के लिए सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजने को कहा। सीएमओ डॉ. आरपी खंडूरी ने भारत सरकार की ओर से जारी गाइड लाइन की जानकारी दी। इस दौरान टीबी से उबरने वाले तीन मरीजों को सम्मानित भी किया गया। बैठक में एडीएम टीएस मर्तोलिया, एसीएमओ डॉ. इंद्रजीत पांडेय व डॉ.श्वेता खर्कवाल, एएमए राजेश कुमार, डॉ. मनीष बिष्ट, अशोक जोशी, गोविंद चौहान, राम नारायण खर्कवाल, मदन अधिकारी, शिवदत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

## पूर्णागिरि के गांवों में पेयजल आपूर्ति बहाल

चम्पावत। पूर्णागिरि में पेयजल किल्लत झेल रही बड़ी आबादी को जल संस्थान ने राहत दी है। चार गांवों की क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक कर पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई है। बीते दोनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद पूर्णागिरि के करीब पांच गांवों की बड़ी आबादी में लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी का संकट गहरा गया था। जल संस्थान के जेई बहादुर सिंह ने

# युवा कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



हरिद्वार। भारतीय युवा कांग्रेस की और से गंगा स्वरूप आश्रम में आयोजित प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने दीप प्रज्वलित कर दो दिवसीय युवा क्रांति बुनयादी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम लाम्बा, राष्ट्रीय सचिव व सोशल मीडिया इंचार्ज वैभव वालिया, राष्ट्रीय सचिव इशिता सेधा व राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रशिक्षण विभाग के सुमित वशिष्ठ, सन्नी मलिक, चौतन्य रेड्डी ने उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को कांग्रेस विचारधारा, संविधान, देश की आजादी की लड़ाई, पिछडो और शोषितों को अग्रिम पंक्ति से जोडना व देश मे बढ़ती बेरोजगारी, किसानों के अधिकारों का हनन व वैश्विक महामारी कोविड–19 मे वर्तमान सरकार की भूमिका के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और उत्तराखंड में 2022 के विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत उत्तराखण्ड सरकार की विफलताओं व गलत निर्णयों के खिलाफ आवाज बुलंद कर गांव, गली–गली जाकर जनहित के अधिकारों की लड़ाई लडने का आहवान किया। प्रशिक्षण के द्वितीय चरण मे झंडारोहण के उपरांत भारत निर्माण की बुनियादी जानकारी, चुनाव की तैयारी के महत्वपूर्ण बिंदु, व सोशल मिडिया के माध्यम से जनता की आवाज को उठाने व भविष्य के रोड मेप की जानकारी व प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रदेश व केंद्र के कई बड़े नेता कार्यकर्ताओं को राजनीतिक के गुर सिखाएंगे। प्रशिक्षण शिविर मे प्रदेश प्रभारी प्रदीप सूर्या, प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, जिलाध्यक्ष रवि बहादुर, सोशल मीडिया प्रभारी के के शास्त्री, शहर अध्यक्ष नितिन तेश्वर, प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु बहुगुणा, तुषार कपिल, संदीप चमोली, महानगर अध्यक्ष आकाश भाटी, सुमित खन्ना, राहुल प्रताप, गौतम नौटियाल, किशोर कुमार, नेहा चौहान, भूपेंदर नेगी, नईम अहमद, फिरदोस सलमानी, महरूफ सलमानी, शुभम जोशी, शानू गिरी, दीप गुणवंत, तनुज दुर्गापाल, कीर्ति जोशी ,इरफान चेची, ह्रदेश कुमार, दिग्विजय, रोबिन त्यागी, डा.शुभ, राव बिलावर, महबूब आलम, नीटू चौधरी, अखिल पंवार, अफजाल, फरीद, हरनीत बरार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एसएसआई को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग



हरिद्वार। वार्ड नं. 12 के क्षेत्रीय भाजपा पार्षद विकास कुमार की राजनीतिक व सामाजिक छवि धूमिल करने के लिए अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगातार षडयंत्रण के तहत सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट डाली जा रही है। जिससे क्षेत्र की जनता व भाजपा पार्षद दल में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। इसके विरोध में भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरूद्ध भाटी के नेतृत्व में पार्षद दल के उपनेता राजेश शर्मा, पार्षद विनित जौली, दीपांशु विद्यार्थी ने नगर कोतवाली हरिद्वार पहुंचकर एसएसआई नन्दकिशोर ग्वाड़ी को ज्ञापन सौंपकर इस संदर्भ में दोषी व्यक्ति पर अतिशीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर वार्ड नं. 12 के क्षेत्रीय भाजपा पार्षद विकास कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आजकल एक वीडियो फेसबुक, व्हाटसएप पर वायरल हो रहा है जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति जो कि इन्द्रा बस्ती में किराए पर रहता है। वीडियो देव सोनी उर्फ बुल्लू निवासी इन्द्रा बस्ती औद्योगिक क्षेत्र हरिद्वार मो. 9410510545, 8006116660 द्वारा डाला गया है। वीडियो में देव सोनी द्वारा एक व्यक्ति को उकसाकर वीडियो बनाया व जबरदस्ती उससे यह बुलवाया जा रहा है कि पार्षद पैसे लेकर सिग्नेचर करते है व देव सोनी द्वारा सबको वार्ड की जनता को भड़काकर व झूठा वीडियो वीडियो बनाकर मेरी छवि को धूमिल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति द्वारा पहले भी फेसबुक पर मेरे बारे में अनाप–शनाप व अपशब्द, जातिसूचक शब्द पोस्ट करता रहता है। जिससे वार्ड 12 में मेरी छवि खराब हो रही है। इस अवसर पर भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि भाजपा पार्षद सदैव जनहित के कार्यों में बढ़–चढ़कर कार्य कर रहे हैं तथा अपने–अपने वार्डों की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं ऐसे में कुछ अराजक तत्व द्वारा षडयंत्रण के तहत इस प्रकार की सोशल मीडिया पर झूठा व अनर्गल पोस्ट करना सरासर अनैतिक व गैर कानूनी है जिसे भाजपा पार्षद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने अति शीघ्र इस संदर्भ में उचित कार्रवाई करते दोषी व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# मां भगवती भक्तों का संरक्षण कर सुख समृद्धि प्रदान करती है: महंत रोहित गिरी

हरिद्वार। मां चंडी देवी मंदिर परमार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रोहित गिरी महाराज ने कहा है कि मां भगवती की शक्ति जगत में अपरंपार है। जो अपने भक्तों का संरक्षण कर उन्हें सुख समृद्धि प्रदान करती है। नील पर्वत स्थित मां चंडी देवी मंदिर के प्रांगण में गुप्त नवरात्रों की अष्टमी पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत रोहित गिरी महाराज ने कहा कि जो श्रद्धालु भक्त संपूर्ण नवरात्र श्रद्धा पूर्वक मां की आराधना करते हैं। उनका जीवन सदैव उन्नति की ओर अग्रसर रहता है। देवी भगवती दयालु एवं कृपालु हैं। श्रद्धा पूर्वक की गई मां चंडी देवी की आराधना जन्म जन्मांतर के पापों का विनाश कर देती है और भक्तों को सहस्त्र गुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है। भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण करने वाली मां भगवती बल बुद्धि एवं यश वैभव की प्रदाता हैं। अपनी शरण में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कल्याण मां भगवती अवश्य करती हैं। महंत रोहित गिरी महाराज ने कहा कि आज संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी से त्रस्त है। ऐसे में देवी की आराधना ही भक्तों की रक्षा कर सकती है। कोरोना का संक्रमण अभी कम नहीं हुआ है। लोगों को जागरूक रहकर सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी जगह पर भीड़ एकत्र ना करें और केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क एवं सैनिटाइजर का उपयोग अवश्य करें छोटी सी लापरवाही भी व्यक्ति की जान पर भारी पड़ सकती है। इसलिए सभी को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

# ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज की मूर्ति स्थापना के लिए बनाए गए स्ट्रक्चर को तोडे जाने के प्रयासों पर संत समाज ने जताया रोष

## ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज की मूर्ति स्थापना में सहयोग करे सरकार व प्रशासनः श्रीमहंत नरेंद्र गिरी

हरिद्वार। ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज की मूर्ति स्थापना के लिए बनाए गए स्ट्रक्टचर को सिंचाई विभाग द्वारा तोड़े जाने के प्रयासों पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद सहित समस्त संत समाज ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। संतो का कहना है कि कुंभ मेले के दौरान मेला अधिकारी दीपक रावत, अपर मेला अधिकारी हरबीर सिंह व प्रशासन के अधिकारियों के साथ संतों की वार्ता में पावन धाम चौक पर ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज की मूर्ति स्थापित करने पर सहमति बनी थी। लेकिन बाद में वहां फोरलेन बनाए जाने के बाद भीमगौड़ा चौक पर मूर्ति स्थापना करना तय हुआ था। लेकिन अब मूर्ति स्थापना के लिए बनाए गए स्ट्रक्चर को सिंचाई विभाग व जिला प्रशासन तोडने पर तुला हुआ है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत नरेंद्र गिरी महाराज ने सिंचाई विभाग के प्रयासों की निंदा करते हुए अपने संदेश में कहा कि अखिल भारतीय संत समिति के संस्थापक व राममंदिर निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन वामदेव महाराज एक तपस्वी संत थे। राम मंदिर निर्माण व सनातन धर्म के उत्थान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज की मूर्ति स्थापना में सरकार व प्रशासन को सहयोग करना चाहिए। मूर्ति स्थापना के लिए बनाए गए स्ट्रक्चर को तोड़ा जाना कतई सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मूर्ति स्थापना को लेकर जल्द ही संतों का एक प्रतिनिधिमण्डल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलेगा। जयराम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज की मूर्ति स्थापित होने से युवा संतों को मार्गदर्शन मिलेगा। संत महापुरूषों के तप बल पर ही राज्य प्रगति की और अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज ने मानव कल्याण में हमेशा अपना योगदान दिया। गरीब असहाय निर्धन परिवारों के उत्थान में उनके योगदान की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतना कम है। श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज व कोठारी महंत जसविन्दर सिंह महाराज ने कहा कि विरक्त संत शिरोमणी स्वामी वामदेव महाराज का पूरा जीवन राममंदिर निर्माण आंदोलन के लिए समर्पित रहा। उनके अथक प्रयासों के चलते ही आज अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उनकी प्रतिमा स्थापित होने से युवा पीढ़ी को धर्म संस्कृति का बोध होगा। महामण्डलेश्वर स्वामी हरिचेतनानन्द व महामण्डलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज का जीवन राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनके जीवन दर्शन से संत समाज को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति व धर्म के प्रचार में ब्रह्मलीन स्वामी वामदेव महाराज की अग्रणी भूमिका रही है। ऐसे महान संत को सम्मान देते हुए सरकार को उनकी भव्य व दिव्य मूर्ति स्थापित करने में संत समाज का सहयोग करना चाहिए। श्रीमहंत राजेंद्र दास, श्रीमहंत धर्मदास, म.म. स्वामी कपिल मुनि महाराज, मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्रपुरी महाराज, श्रीमहंत रामरतन गिरी, कोठारी महंत दामोदर दास, बाबा हठयोगी, स्वामी रघुवन, महंत विष्णुदास, महंत रघुवीर दास, महंत बिहारी शरण, महंत गोविन्द दास, महंत ईश्वर दास, महंत निर्मल दास, महंत रामशरण दास, महंत अरूण दास, महंत राजेंद्रानंद आदि सहित तमाम संतों ने सिंचाई विभाग की निंदा करते हुए मूर्ति स्थल तोड़े जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

# बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में माकपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




हरिद्वार। माकपा जनपद कमेटी द्वारा देश मे लगा रही बढ़ रही मंहगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मन्दी, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के लिए केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को जिम्मेदार बताते हुए आर्यनगर चौक पर धरना प्रदर्शन किया। माकपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि आसमान छू रही महंगाई व बेरोजगारी की वजह से मध्यम वर्ग व गरीब जनता का जीवन मुश्किल कर दिया है। धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुये सीपीआईएम के जिला मंत्री आरसी धीमान ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से केन्द्र सरकार द्वारा अपनायी जा रही नीतियों के दुष्प्रभाव आज देश व प्रदेश की जनता को भुगतने पड़ रहे हैं। रसोई गैस, डीजल, पैट्रोल, सरसों का तेल, खाद्य पदार्थो, सब्जियों आदि के दामों में बेहताशा बढोतरी व बेरोजगारी के कारण देश का जनमानस त्राहि त्राहि कर रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि बढती मंहगाई एवं बेरोजगारी पर रोक लगाने के लिये सरकार तुरन्त कदम उठाए। शीघ्र ही कुंभ मेला निर्माण कार्यो व कोविड 19 आरटीपीसीआर टेस्ट में हुए भ्रष्टाचार की जांच व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन किया जायेगा।

# हरीश रावत को सीएम का चेहरा घोषित करे पार्टी हाईकमान

नैनीताल। कालाढूंगी में जिला महामंत्री संतोष पांडे की अध्यक्षता में आयोजित कांग्रेस कमेटी की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी हाईकमान को भेजा गया। जिसमें कहा गया है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत को पार्टी की कमान अथवा 2022 के विधानसभा चुनाव में चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बना कर मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाना चाहिए। वह भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने में सक्षम हैं। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश आर्या, द्रोपदी पांडे, मुकेश चंद्र, भुवन भट्ट, आनंद पांडे, गोपाल सिंह, सुनील पांडे, कैलाश जोशी शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल: आकिल

विकासनगर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ढाकी गांव में बैठक आयोजित हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री आकिल अहमद ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। साथ ही प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हुई है। विपक्ष के दौरान महंगाई-महंगाई करने वाली भाजपा ने खुद आम जनता को महंगाई के बोझ तले दबा दिया है। पेट्रोल, डीजल से लेकर रसोई गैस तक आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई है। इतना ही नहीं, रोजगार न मिलने से युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने जनता से अपनी समस्याओं और डबल इंजन सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सरकार को जवाब देने की बात भी कही। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता खुद भाजपा को इसका जवाब दे। इस मौके पर वकीला, जरीन, मसरूफ, जावेद, उस्मान अली, सोएब, मासूम, सोनू, इस्तखार, युसूफ अहमद, आलीम, अरशद, सुहैल, रसीद, अनीस, अनवर, फिरोज आदि मौजूद रहे।

## सरकारी कैंप भाजपा कार्यालय में लगाने पर भड़के कांग्रेसी

विकासनगर। राशन कार्ड ऑनलाइन कराने के लिए भाजपा कार्यालय में कैंप लगाए जाने से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साहिया बाजार में प्रदर्शन किया। इस दौरान क्षेत्र भ्रमण पर निकले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह साहिया से गुजरे तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद पीसीसी अध्यक्ष ने जिला पूर्ति अधिकारी को कैंप मंडी परिसर में लगाने के निर्देश दिए। जिसके बाद कैंप को मंडी परिसर में लगाया गया। कैंप में 52 राशन कार्डों को ऑनलाइन किया गया। बाजार में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से साहिया बाजार में राशन कार्ड ऑनलाइन करने के लिए कैंप लगाने की मांग की जा रही थी। मांग पर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से कैंप तो लगाया गया, लेकिन इसे भाजपा मंडल कार्यालय में लगाया है। जहां भाजपा कार्यकर्ता अपने चहेतों के ही राशन कार्ड ऑनलाइन करा रहे हैं। कहा कि सरकारी विभाग के कैंप को राजनैतिक दल के कार्यालय में लगाना नियम विरुद्ध है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार और कार्यकर्ता सत्ता के मद में चूर होकर सरकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ अपने चहेतों को पहुंचाना चाहते हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकारी योजना के कैंप को भाजपा कार्यालय में लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में श्याम दत्त वर्मा, उमा दत्त जोशी, रणवीर राय, शेर सिंह भाटी, विरेंद्र सिंह, महिपाल राय आदि शामिल रहे।

## बारिश से बंद पांच मोटर मार्गों पर यातायात हुआ बहाल

विकासनगर। लोक निर्माण विभाग चकराता के अधीन आने वाले अधिकांश बंद मार्ग खुलने से ग्रामीणों को राहत मिली है। करीब एक सप्ताह बाद सैकड़ों ग्रामीणों का समाज की मुख्यधारा से संपर्क जुड़ा, जिससे उनका जनजीवन पटरी लौट गया है। लोखंडी-पीपरा मीनस मोटर मार्ग अभी बंद होने से तीन गांवों के ग्रामीणों की दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं। शनिवार को लोक निर्माण विभाग चकराता ने जाड़ी-सिजला, त्यूणी-पुरोला-नौगांव, चकराता-लाखामंडल मोटर मार्ग, खारसी-मानवां मोटर मार्ग और कुल्हा मोटर मार्ग पर यातायात बहाल कर दिया है। अब जौनसार बावर क्षेत्र में सिर्फ एक मोटर मार्ग पर ही यातायात बंद है। लोनिवि चकराता के अधिशासी अभियंता एमएस बेलवाल ने बताया कि लोखंडी-पीपरा मीनस मोटर मार्ग पर भी जल्द यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

## उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संघ का मांगों को लेकर प्रदर्शन

विकासनगर। उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा यमुना वैली का आंदोलन जारी है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के कर्मचारी अधिकारियों ने महाप्रबंधक यमुना घाटी व अधिशासी निदेशक लखवाड़ व्यासी बांध परियोजना के कार्यालय परिसर में गेट मिटिंग कर प्रदर्शन किया। इस दौरान संघर्ष मोर्चा के कर्मियों ने निगम प्रबंधन और ऊर्जा निगम पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया। महाप्रबंधक यमुना वैली व अधिशासी निदेशक व्यासी बांध परियोजना के कार्यालय परिसर में गेट मिटिंग के बाद संयुक्त मोर्चा के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। जिसके बाद आंदोलन को लेकर रणनीति तय की गयी। इस मौके पर कर्मचारी नेताओं ने अपनी विभिन्न मांगों जिसमें ऊर्जा निगमों में नौ, 14 और 19 वर्ष में पूर्व की भांति एसीपी प्रदान करने, संविदा कार्मिकों को समान कार्य समान वेतन देने, ऊर्जा निगमों में पुरानी पेंशन बहाल करने, सभी एलाउंसेस का रिवीजन किए करने तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद से सेवा शर्तें कमतर न किए जाने की मांग की। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें न मानी तो तय कार्यक्रम के अनुसार 20 जुलाई को पावर कारपोरेशन मुख्यालय पर सत्याग्रह करेंगे। जिसको लेकर मोर्चा से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों ने रणनीति पर चर्चा की। 27 जुलाई की प्रथम पाली से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने को लेकर संयुक्त मोर्चा से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें सैकड़ों अधिकारी कर्मचारियों ने अपने हस्ताक्षर किए। प्रदर्शनकारियों में संजय राणा, मोहम्मद रियाज, सुशील टम्टा, विनीत सैनी, भानु प्रकाश जोशी, जीसी पुरोहित, पंकज नैथानी, संजय सत्संगी, अरुण कुमार, राजीव कुमार, दीपेंद्र सिंह चौहान, संदीप, रवि गोपाल बिहारी, मोहम्मद अमजद, भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र चौहान, राजवीर सिंह, स्वतंत्र जॉनी, भूपेंद्र फर्त्याल, राजेश कुमार, नौशाद आलम आदि शामिल रहे।

## विधायक दुम्का ने महालक्ष्मी और आयुष्मान किट बांटे

नैनीताल। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के तहत महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर विधायक नवीन दुम्का ने राजकीय इंटर कॉलेज बिंदुखेड़ा में लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट एवं आयुष्मान किट का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला सीडीपीओ चम्पा कोठारी ने विस्तार से योजना के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर गीता राजपूत, मीना आर्य, रिंकू बिष्ट, धना मेहता, कल्पना नेगी, आशा रावत, भावना मिश्रा, प्रकाश गरजौला, दीपक जग्गी, जगत सिंह राणा, किशन पांडे आदि मौजूद थे।

# व्यापारियों के विरोध के बाद चेता लोनिवि



हरिद्वार। चंद्राचार्य चौक व्यापार मंडल के विरोध प्रदर्शन का संज्ञान लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा कर व्यापारियों की समस्याएं सुनी। लोक निर्माण विभाग की एई चेतना पुरोहित ने व्यापारियों के साथ क्षेत्र का जायजा लिया और समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष मृदुल कौशिक ने लोनिवि अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में जगह-जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। सड़कों में बने गड्ढों की वजह से दुर्घटनाए हो रही हैं। शहर का सबसे व्यस्तम व व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होने के बावजूद सड़कों की हालत बेहद खराब हैं। पूरे इलाके में पार्किंग तक की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं। जिससे व्यापारियों व खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। एई चेतना पुरोहित ने समस्याएं जल्द दूर करने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे अभी क्षेत्र में आई है। कार्य अभी तक पूरे क्यों नही हुए इस बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है। वे इस संबंध में मुख्य अभियंता से वार्ता करेंगी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग व अन्य विभागों से आपसी सामंजस्य नहीं होना भी सामने आया। सड़क के दोनों और उग आयी झाडियों को साफ कराने की जिम्मेदारी नगर निगम का है। इस संबंध में मुख्य नगर अधिकारी को पत्र लिखकर साफ कराने के लिए कहा जाएगा। एई ने कहा कि व्यापारियों की समस्याएं जायज हैं। समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों ने अधिकारियों को चेताया कि यदि समस्याओं का निराकरण 10 दिन के भीतर नहीं हुआ तो वह अपनी विरोध प्रदर्शन पर अडिग रहेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष मृदुल कौशिक, महामंत्री दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील गुलाटी, प्रेम थापा, जलालुद्दीन, निखिल अग्रवाल, संजय पटवर, सतनाम भाटिया, हैदर नकवी, संजीव शर्मा, कार्तिक शर्मा, शिवांकर चक्रपाणि, मनीष गर्ग, राहुल अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## बिजली खरीद में पादर्शिता बरतने को एक्सपर्ट की सेल गठित: डा. हरक सिंह

नई टिहरी। प्रदेश के वन व ऊर्जा मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि बिजली खरीद में पादर्शिता बरतने के लिए ऊर्जा भवन में एक सेल का गठन किया गया है। जिससे बिजली खरीद में सस्ते दामों में बिजली खरीदने का काम किया जायेगा। इससे कई सौ करोड़ का फायदा प्रदेश को होगा। कहा कि फोरेस्ट गार्ड की भर्ती जनपद स्तर करने की तैयारी की जा रही है। पत्रकारों से बातचीत में डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि बिजली चोरी से होने वाले नुकसान से कई बड़ा नुकसान उस वक्त होता है। जब बिजली को सस्ते दामों पर नहीं खरीद पाते हैं। इसके लिए सेल का गठन कर एक्सपर्ट तैनात किये गये हैं। ताकि एक्सपर्ट बिजली की डिमांड होने पर सस्ती बिजली खरीद कर करोड़ों का फायदा पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने बिजली कर्मियों की समस्याओं का हल बातचीत से करने की बात कही, अपील करते हुये कहा कि आंदोलन का रास्ता अंतिम स्तर पर ही कर्मचारी अपनायें। कहा कि वन विभाग में फोरेस्ट गार्ड पदों की भर्ती जनपद स्तर पर करने की तैयारी की जा रही है। फोरेस्ट गार्ड के पदों पर उम्र में छूट भी दी है। वन दरोगा के 350 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है। वन विभाग में वन कर्मियों की कमी हो पूरा करने का काम किया जा रहा है। वन अधिकारियों के पदों पर प्रमोशन कर प्रभारी तैनात कर दिये गये हैं। निचले स्तर पर भी तेजी से कर्मचारियों की भर्ती करने का काम किया जा रहा है। भू-कानून को लेकर पुछे गये सवाल के जबाब में वन मंत्री डा रावत ने कहा कि सुसंगत भू-कानून होना चाहिए। स्व. तिवारी सरकार में चकबंदी व इस कानून को लेकर पहल की थी, लेकिन आगे बात नहीं बढ़ पाई। कहा कि खेती व बागवानी के लिए जमीन बची रहे। इसके लिए ऐसा भू-कानून होना चाहिए। जिसमें जनहित के मामलों में लचीलापन हो और प्रदेशवासियों पर कुठाराघात करने वाले मामलों में सख्ताई भी हो।

## पुलिस कर्मियों के ग्रेड पे मुद्दे पर सेवादल का प्रदर्शन

ऋषिकेश। राज्य पुलिस कर्मियों के ग्रेड पे में कमी के विरोध में कांग्रेस सेवादल ने नाराजगी जताई है। कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया।शनिवार को काशीपुर से कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई शव यात्रा डोईवाला पहुंची। डोईवाला में कांग्रेसियों ने यात्रा का समर्थन किया। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने कहा कि यह तीन दिवसीय शव यात्रा कुमाऊं के काशीपुर से राजभवन देहरादून तक निकाली जा रही है। सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार ने राज्य पुलिस कर्मियों के ग्रेड पे में कमी की है। इसके विरोध में यह यात्रा निकाली गई है। कहा कि सरकार पुलिस कर्मियों का ग्रेड पे वापस दे या फिर गद्दी छोड़ दे। यात्रा का समर्थन देने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी, मोहित उनियाल, सागर मनवाल, अखब्लाक साबरी, मधु थापा, रईश अहमद, पूर्व सभासद गोपाल शर्मा, भारत भूषण कौशल, संगीता तोमर, मोंटी सैनी, सावन राठौर, राहुल सैनी, आरिफ अली, इलियास अली, रिजवान सलमानी, बाबूलाल, संतोष तोमर, नौशाद अली, इमरान अली, सुरेश सैनी, अमित मनवाल, उस्मान अली, आनन्द प्रकाश आदि शामिल रहे।

## पत्रकार की मौत पर जताया दुख

विकासनगर। अफगानिस्तान में तालिबानी हमले में मारे गए पत्रकार दानिश सिद्दीकी की मौत पर दुख जताते हुए पछुवादून विकास मंच ने इसे आतंकवादियों की कायराना हरकत करार दिया है। मंच के संयोजक अतुल शर्मा ने कहा कि पत्रकारों पर हिंसक हमले निंदनीय हैं।

## विद्युत अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित



ऋषिकेश। विद्युत अधिकारी-कर्मचारी 20 जुलाई को ऊर्जा भवन देहरादून में एक दिवसीय सत्याग्रह करेंगे। वे समान कार्य, समान वेतन सहित अन्य मांगों पर कार्यवाही नहीं होने से नाराज है। शनिवार को विद्युत अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन के लिए कर्मचारियों का आह्वान किया। शनिवार को विद्युत अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आहवान पर चीला विद्युत गृह में बैठक आयोजित हुई। मोर्चा के संरक्षक इंजीनियर मोहम्मद अनीस ने कहा कि ऊर्जा निगम के कार्मिक बीते 4 वर्षों से एसीपी की पुरानी व्यवस्था, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तृतीय समयबद्ध वेतनमान, एसीपी अवर अभियंता के सिलेक्शन ग्रेड वेतनमान के समकक्ष की मांग करते आ रहे हैं। इसके अलावा उपनल के माध्यम से कार्य कर रहे कार्मिकों के नियमितीकरण एवं समान कार्य समान वेतन को लेकर लगातार शासन प्रशासन से वार्ता की जा रही है। लेकिन अभी तक इन मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कहा कि सातवें वेतन आयोग में उनकी पुरानी चली आ रही 9-5-5 की एसपी व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। यह उन्हें उत्तर प्रदेश के समय से ही मिलती आ रही थी। यही नहीं पे मैट्रिक में भी काफी छेडखघनी की गई। संघर्ष मोर्चा चीला के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुरोहित ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रही है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 20 जुलाई को ऊर्जा भवन देहरादून में एक दिवसीय सत्याग्रह किया जाएगा। 26 जुलाई को उज्जवल मुख्यालय पर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक सत्याग्रह और रैली की जाएगी। उसके बाद 27 जुलाई को हड़ताल शुरू की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को हटाया जाना राजनैतिक द्वेष से लिया गया फैसला: अमित जोशी

अल्मोड़ा। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जोशी ने अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरजी नौटियाल को हटाये जाने को राजनैतिक द्वेष से लिया गया फैसला बताया है। आप उपाध्यक्ष ने कहा की पहले भी भाजपा सरकार द्वारा कई ऐसे अधिकारियों को हटाया गया जिन्होंने उनके नेताओं के दबाव में आकर काम नहीं किया। डॉ नौटियाल ने माननीय मंत्री जी से बीजेपी नेताओं को बैठक में नहीं लाने को कहा तो मंत्री जी के कहने पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को हटा दिया गया। यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। अमित जोशी ने आगे कहा कि यदि सरकार और माननीय मंत्री जी ने जितनी तेजी प्राचार्य के तबादले में लगाई यदि इतनी तेजी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगाते तो आज अल्मोड़ा और पहाड़ के अस्पतालों का ये हाल नहीं होता और कोरोना से मरने वालों में कई लोगों की जान भी बचा ली जाती। श्री जोशी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की सरकार आज भी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में तत्परता नहीं दिखा रही है जबकि डेल्टा + वेरिएंट ने प्रदेश में दस्तक दे दी है और जल्द ही तीसरी लहर की आने की संभावना कई डॉक्टर और विशेषज्ञ जता चुके हैं।

## विधायक आर्य ने किया 3.75 करोड़ की लागत से पांच नलकूपों का शिलान्यास

काशीपुर ।कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्त पोषित योजना के तहत 3.75 करोड़ की लागत से पांच ग्राम सभाओं में पांच नलकूपों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा एक माह के भीतर इनका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री आर्य ने सबसे पहले बन्नाखेड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि वह जनता के सेवक हैं और सेवक के रूप में कार्य करते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि बन्नाखेड़ा सानी, मझरा खुशालपुर, खंबारी, भीकमपुरी, सिंहाली आदि गांव में रहने वाले किसानों के सामने सिंचाई की बहुत बड़ी समस्या थी। इस समस्या से निजात दिलाने को समाज कल्याण वित्त पोषित योजना के तहत 3.75 करोड़ की लागत से 5 नलकूपों का शिलान्यास किया गया है। धान कटने के बाद खेतों में पानी की सप्लाई देने के लिये नालियां बनाई जाएंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि संभवत: अगली धान की फसल तक किसानों को इन नलकूपों का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस मौके डीके जोशी, वीरेंद्र बिष्ट, हरीश कांडपाल, दिलबाग सिंह, सरताज औलख, कुंदन सिंह, पूरन बिष्ट, नितिन बिष्ट, गणेश खुल्लर, रवि बंसल, राहुल वर्मा, सुतिम चौधरी, नीरज गुप्ता, गुरदीप सिंह, सुरेंद्र कौर, गोपाल सिंह, संदीप आनंद, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## 84 भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने थामा आप का दामन

काशीपुर। शनिवार को रामनगर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक, आप के युवा महानगर अध्यक्ष आकाश मोहन दीक्षित की मौजूदगी में 84 भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सभी को पार्टी की टोपी पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। महानगर अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि उत्तराखंड की दशा और दिशा बदलने को उत्तराखंड के युवा एवं आम जनमानस आम आदमी पार्टी से जुड़ रहा है। इस मौके पर प्रमोद कुमार, राहुल यादव, मुकेश सैनी, राजेंद्र सैनी,महावीर यादव, शेखर चौहान, शुभम चौहान, देवेश चौहान, धीरेंद्र सागर आदि मौजूद थे।

## प्रशिक्षित एएनएम कर्मियों ने वरिष्ठता के आधार पर मांगी नियुक्ति

पिथौरागढ़। प्रशिक्षित बेरोजगार एएनएम कर्मियों ने वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति की मांग की है। कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल,सीएमओ डॉ.एचसी पंत को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। कर्मियों ने 22 जुलाई से पूरे जनपद में कार्यबहिष्कार करने का ऐलान किया है। बेरोजगार प्रशिक्षित एएनएम संघ के जिलाध्यक्ष गीता पाण्डे के नेतृत्व में रामलीला मैदान में बैठक की गई। कहा कि 8 मार्च को महिला दिवस पर प्रशिक्षित महिला हेल्थ वर्करों के लिए 380 पदों पर विज्ञप्ति जारी की गई थी। जिसमें हाइकोर्ट ने विज्ञप्ति को निरस्त कर दुबारा विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए थे पर अभी तक संशोधित विज्ञप्ति नहीं प्रकाशित हो पाई है। कहा कि राजकीय सेवा में नियत आयु सीमा से कई महिलाएं बाहर हो चुकी हैं और कई पूर्ण होने वाली है। उन्होंने प्रदेश सरकार से कार्यवाही कर विज्ञप्ति जारी करने की मांग की है।

## ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। ऊर्जा निगम कर्मियों ने यहां प्रदर्शन किया। कर्मियों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से वे विभिन्न मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। शनिवार को विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बिजली कर्मचारी संघ ने विरोध जताया। प्रांतीय मंत्री उमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में कर्मी ऊर्जा निगम के समीप एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मियों ने कहा एक विभाग में एक समान कार्य के बावजूद एक कर्मी को तीस हजार वेतन दिया जाता है, वहीं एक उपनल कर्मी को सात से दस हजार ही दिया जाता है। उन्होंने उपनल कर्मियों को नियमित करते हुए समान कार्य समान वेतन देने की मांग उठाई है। साथ ही उन्होंने कार्मिकों को एसीपी की पूर्व व्यवस्था बहाल करने व वर्ष 2005 तक नियुक्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने को कहा है।

## चम्पावत-टनकपुर हाईवे पर धौन-स्वाला के बीच पहाड़ी से मलबा आने से सड़क बंद

ऐसे में दूर प्रदेशों से आने वाले पर्यटकों को निराश न लौटना पड़े। डीएम धीराज गर्ब्याल ने रूसी बाइपास के आसपास के क्षेत्र व उससे लगे ताकुला गांव में होम स्टे की योजना बनाई है। नैनीताल से पांच से आठ किलोमीटर की दूरी पर होम स्टे में रहते हुए भी पर्यटक शटल सेवा से नैनी झील का लुत्फ उठा सकेंगे। इससे जहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# व्यापारियों के हित में कार्य करने का आह्वान

रुड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला पदाधिकारियों द्वारा सदस्यता अभियान के दौरान एकत्र की गई राशि को मंडल इकाई के सुपुर्द किया इस राशि से व्यापारियों के हित में कार्य करने का आह्वान भी किया। संगठनात्मक जिला रुड़की के द्वारा रुड़की नगर व्यापार मंडल के चुनाव के लिए रुड़की नगर के व्यापारियों को अपने व्यापार मंडल की 3 वर्षीय सदस्यता ग्रहण कराने के लिए सदस्यता प्राप्त कर रही इच्छुक व्यापारियों से १०० की धनराशि लेकर 3 वर्ष के लिए अपने व्यापार मंडल का सदस्य बनाया था।उपरोक्त सदस्यों से प्राप्त २६१९००/-धनराशि में से प्रदेश व्यापार मंडल के संविधान के अनुसार १०त प्रदेश कोष में एवं १०त जिले के कोष में जमा कराना है बची हुई धनराशि जो 205590/- है वह नगर व्यापार मंडल के बैंक खाते में चेक द्वारा जमा कराई जा रही है।जिला इकाई अपनी रुड़की नगर व्यापार मंडल द्वारा नगर इकाई से आह्वान किया कि उपरोक्त धनराशि पूर्ण व्यापारियों के सहयोग के रूप में खर्च की जाए जिनका आत्मिक घटनाओं से व्यापार में नुकसान हुआ है। चमोली से आये प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि नगर इकाई एवं जिला इकाई संयुक्त रूप से व्यापारियों की सेवा करें और रुड़की में निवास कर रहे प्रदेश अधिकारी दोनों में सेतु का कार्य करें जिससे व्यापार मंडल का विकास होगा और व्यापार मंडल को शक्ति मिलेगी। जिला अध्यक्ष सौरभ भूषण शर्मा ने कहा कि हमारा यही प्रयास है की अपने जनपद के व्यापारियों का हर तरीके से व्यापार मंडल सहयोग करता रहे व्यापारियों की समस्याओं को हल करता रहेउसी के लिए नगर, कस्बा, नगर निगम व नगर पालिका के बाजारों में सदस्य बनाकर वहां पर व्यापार मंडल की इकाई गठित की जा रही है। जिला महामंत्री विश्वतोष सिंह जी ने कहा कि आज के समय की मांग है कि व्यापारी संगठित हो और एक मजबूत व्यापार मंडल वहां गठित हो जिससे व्यापारी एकता को बल मिले और व्यापारियों की समस्याओं को हल किया जा सके। जिला कोषाध्यक्ष विभोर अग्रवाल ने कहा कि हमारा यही प्रयास है की व्यापारियों की समस्याएं हल हो सके और आर्थिक पैकेज के लिए सरकार पर दबाव बनाया जा सके व्यापारी की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजय गर्ग एवं प्रदेश मंत्री परवीन मेंहदीरत्ता ने कहा कि रुड़की जिला इकाई का यह स्वागत योग्य निर्णय है और यह पारदर्शिता को दिखाता है कि उन्होंने रुड़की नगर से एकत्रित हुई सदस्यता धनराशि रुड़की नगर इकाई के बैंक खाते में जमा करा दी। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी प्रमोद गोयल ने कहा कि रुड़की नगर चुनाव में जो खर्च हुआ है वह खर्चा प्रत्याशियों से ली गई जमानत धनराशि में से खर्च किया गया है चुनावों में हुए खर्चे को रुड़की नगर की सदस्यता धनराशि से नहीं लिया गया है। नगर अध्यक्ष अरविंद कश्यप ने कहा कि हम सब मिलकर रुड़की के व्यापारियों की समस्याओं को हल करेंगे हमें समय-समय पर जिला कार्यकारिणी का सहयोग मिलता रहता है एवं हम भी उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं। नगर महामंत्री कमल चावला ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य है कि वह व्यापारियों की समस्याओं को हल कर सकें। नगर कोषाध्यक्ष मोहित सोनी एवं संयुक्त महामंत्री राहुल शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के समय व्यापारियों की समस्याएं अधिक हो गई है उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है व्यापार मंडल उन सभी समस्याओं को प्रदेश स्तर पर रखेगा जिससे उनका समाधान निकल सके।प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने जिला कार्यकारिणी में नवनियुक्त पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीइस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, प्रदीप सिंघल नितिन गोयल ,योगेश गुप्ता, मोहित अग्रवाल जिला मंत्री हर्षित गर्ग, नितिन तायल,अनूप बंसल आदि व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# जमीन बेचने के नाम पर धोखाधडी ... महिला सहित 4 लोगों पर केस

विकासनगर। रुद्रप्रयाग जिले के एक ग्रामीण को देहरादून जिले में जमीन खरीदने की चाहत महंगी पड़ गयी। ग्रामीण से जमीनों के सौदागरों ने चार बीघा जमीन बेचने के नाम पर अलग-अलग मदों में 27 लाख रुपये ले लिए। जिस जमीन का अनुबंध किया गया वह बाद में ग्राम समाज की निकली। जब ग्रामीण को इस धोखाधड़ी का पता चला तो वह पूरी तरह से लुट चुका था। ग्रामीण ने आरोपियों से अपना रुपया वापस मांगा तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दे डाली। ग्रामीण ने इस मामले में सहसपुर थाने में महिला सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधडी, जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कर दिया है। मोहम्मद उस्मान पुत्र फिदा हुसैन, निवासी नकोट अगस्त्यमुनि जिला रुद्रप्रयाग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नाजिम पुत्र नूर हसन, निवासी कल्याणपुर थाना सहसपुर जिला देहरादून ने उसे कल्याणपुर में जमीन दिखाई। जमीन मुख्य मार्ग से दो सौ मीटर दूर थी, जहां पक्की रोड जा रही थी। दोनों के बीच चार बीघा जमीन का सौदा हुआ। उक्त जमीन के लिए अलग-अलग मदों में समय-समय पर नगद, गूगल पे व चेक से करीब 27 लाख रुपये आरोपी नाजिम को दिए। जब इस मामले में उन्होंने अपने अधिवक्ता को नाजिम के साथ हुए अनुबंध पत्र दिखाए तब पता चला कि जिस जमीन का सौदा हुआ वह नाजिम पहले ही बेच चुका है। इसके बाद जब उसने नाजिम से बात की तो नाजिम ने कहा कि घर की बात है दूसरी जगह दे दूंगा। उसके बाद नाजिम ने दूसरी जगह का अनुबंध किया। लेकिन वह जमीन मात्र ढाई बीघा ही थी। उसके बाद नाजिम ने अपने दो अन्य भाइयों और पत्नी के नाम की जमीन देने की बात की। जिसमें उसकी पत्नी खतीजा, भाई आलिम व असलम पुत्र नूर हसन शामिल रहे। इस पर आरोपी व उसके भाई जमीन अन्य जमीन का अनुबंध कराने के नाम पर उसे टालते रहे और आजकल कहकर अनुबंध नहीं किया। अनुबंधित जमीन भी ग्राम समाज की निकली। जिन पर कई लोग पहले से बसे हैं। बताया कि अब आरोपी व उसके भाई उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बताया कि अपने गांव की पैतृक जमीन को बेचकर उसने खून पसीने की कमाई से जमीन खरीदी थी। लेकिन आरोपियों ने उसके रुपये हड़प लिए। अब न जमीन दे रहे हैं और नहीं रुपये लौटा रहे हैं। एसओ नरेंद्र सिंह गहलावत ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया है। बताया की आरोपी नाजिम के खिलाफ जमीनों की खरीद फरोख्त के नाम पर थाने में छह मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें वह जेल भी जा चुका है। कहा कि मामले की जांच की जा रही है। रहे हैं।

# हिमाचल के पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की अस्थियां गंगा में विसर्जित

हरिद्वार। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.वीरभद्र सिंह की अस्थियां शनिवार को हरकी पैड़ी पर गंगा में विसर्जित की गयी। हिमाचल प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह का गत दिनों निधन हो गया था। स्व.वीरभद्र सिंह के भतीजे रिपुदमन सिंह परिजनों के साथ उनकी अस्थियां हरिद्वार लेकर आए थे। उनके साथ ताराचंद ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर, हिमाचल के पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा, पूर्व विधायक डा.सुभाष वर्मा तथा सुशांत कपटेट भी हरिद्वार आए थे। शनिवार सवेरे हरकी पैड़ी स्थित ब्रह्मकुंड पर वीरभद्र परिवार के पुरोहित प्रदुमन भगत ने पूर्ण विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अस्थियां गंगा में प्रवाहित करायी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव डा.संजय पालीवाल, महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मायापुर ब्लॉक अध्यक्ष रवि कश्यप, ज्वालापुर नगर अध्यक्ष यशवंत सैनी, कनखल ब्लॉक अध्यक्ष शुभम



अग्रवाल, मध्य हरिद्वार ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, महापौर प्रतिनिधि व महानगर महासचिव आशीष शर्मा, महेश प्रताप राणा, ओमप्रकाश शर्मा, संजय भारद्वाज, पार्षद कैलाश भट्ट, बलराम गिरी, शिवम गिरी, श्रद्धांजलि दी।

## पॉलीथिन प्रयोग पर 5 दुकानदारों का चालान

नैनीताल। तहसील और नगर पंचायत प्रशासन ने बाजार में छापे मारकर पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले 5 दुकानदारों के चालान किए। पॉलीथिन के खिलाफ अभियान को लेकर तहसीलदार प्रियंका रानी के टीम के साथ बाजार में पहुंचते ही दुकानदारों में खलबली मच गई। कोई पॉलीथिन छुपाने में जुट गया तो कोई दुकान छोड़कर भाग गया।

# वेतन नहीं मिलने पर किया ओपीडी का कार्य बहिष्कार

## सीएचसी बीरोंखाल के कर्मचारियों को नहीं मिला 2 माह से वेतन

पौड़ी। भले ही राज्य सरकार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल को शुभम सर्वम मेडिकल प्रोजेक्ट रामनगर को मार्च माह में हस्तांतरित कर दिया हो लेकिन वहां तैनात डॉक्टरों एंव स्टाफ कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिलने से उन्होंने शनिवार से ओपीडी का कार्य बहिष्कार कर दिया हैं। कार्यबहिष्कार के कारण लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। नाराज कर्मचारियों ने डीएम को ज्ञापन भेज हैं। सीएचसी बीरोंखाल को पीपी मोड में संचालित कर रहें शुभम सर्वम मेडिकल प्रोजेक्ट बीरोंखाल में तैनात डॉक्टर आशीष बनारे, रजनीश, संदीप उज्ज्वल, प्रिया भारती, हेमा, रमेश मेहता, बिक्रम, राहुल, सुंदर, विजय, रोहित, किशोर आदि ने बताया कि उन्हें दो माह से वेतन नहीं मिला हैं जिससे उनके सामने परिवार की रोजीरोटी का संकट खड़ा हो गया हैं। उन्होंनें कहा कि किसी कर्मचारी को तो आधा अधूरा वेतन मिला है,जब की कई लोगों को दो माह से वेतन के लाले पड़े हुए हैं। उन्होने कहा कि जब तक उन्हें वेतन नहीं मिलता हैं तब तक ओपीडी का कार्य बहिष्कार जारी रहेंगा। सीएचसी बीरोंखाल प्रभारी डॉ शेलेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि शनिवार से सभी कर्मचारियों ने ओपीडी का कार्य बहिष्कार कर दिया है। उच्च अधिकारीयों को सूचना भेज दी हैंसीएमओ ने कहा : मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि सीएचसी बीरोंखाल को पीपीपी मोड में सरकार ने दे दिया है। वहां तैनात कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने की सूचना मिल गई हैं। डारेक्टर से इस मामले में बात कर शीघ्र समस्या का हल निकाला जाएगा।

अस्पताल से बिना इलाज के लौट रहें हैं मरीज: शनिवार को सीएचसी बीरोंखाल में अपना इलाज कराने गए मरीज लोकेश सिंह, आशीष, सत्या देवी, पूनम देवी सरोजनी ने बताया कि सुबह बीरोंखाल अस्पताल गए लेकिन वहां ओपीडी का पर्चा नहीं बनने व कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार पर चलते उन्हें बैरंग घर लौटना पड़ा है।

# त्रिवेणीघाट पर हुक्का पीना पड़ गया भारी



ऋषिकेश। ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मिशन मर्यादा के में पहली कार्रवाई करते हुए त्रिवेणी घाट पर हुक्का पी रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ आपदा प्रबंधन व महामारी अधिनियम के अलावा कोटपा अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। विगत दिनों हरिद्वार में गंगा में बैठकर हुक्का पी रहे पर्यटकों के प्रकरण के सामने आने के बाद पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड ने तीर्थस्थलों को नशा मुक्त करने व मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए मिशन मर्यादा शुरू किया है। शनिवार को मिशन मर्यादा के तहत ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने पहली कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि मद्य निषेध क्षेत्र तीर्थनगरी ऋषिकेश में आरती स्थल, तीर्थ स्थलों, गंगा के किनारे व तीर्थ क्षेत्र को चिन्हित करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार की दोपहर पुलिस टीम ने त्रिवेणी घाट परिसर में गंगा तट के निकट पार्किंग पर तीन व्यक्तियों को अमर्यादित हरकतें व हुक्का पीकर हल्ला व हुडदंग करते हुए गिरफ्तार किया। उननकी हरकतों के कारण श्रद्धालु व जनमानस की धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही थी। उक्त व्यक्ति फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे हैं और उन्होंने मास्क भी नहीं कर रहे थे। पुलिस ने देवेंद्र पुत्र एनएन शर्मा निवासी घासा रोड निकट वाल्मीकि मंदिर, मित्राऊ, थाना बाबा हरिदास नगर, दक्षिण पश्चिम दिल्ली–43, आनंद पुत्र रामवीर सिंह निवासी गोपाल नगर, नजफगढ़, थाना बाबा हरिदस नगर, दिल्ली तथा अमर सिंह पुत्र दिलावर सिंह निवासी 500 स्वामी बाड़ा मित्राऊ, थाना बाबा हरिदास नगर दक्षिण पश्चिम दिल्ली–43 के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हरकी पैड़ी की पवित्रता भंग करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरी



हरिद्वार। निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने हरकी पैड़ी की मर्यादा भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस टीम का गठन किए जाने पर डीजीपी अशोक कुमार व एसएसपी सेंथिल अबदुई को साधुवाद देते हुए कहा है कि हरकी पैड़ी देश दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। हरकी पैड़ी की मर्यादा व पवित्रता को भंग करने की गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशा कर हरकी पैड़ी पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे तीर्थ की मर्यादा बनी रहे तथा हुड़दंगियों पर अंकुश लग सके। उन्होंने विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं से भी अपील की कि तीर्थ स्थल पर धर्म के अनुरूप ही आचरण करें। कोरोना महामारी की वजह से कांवड़ यात्रा स्थगित किए जाने के प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुरूप मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लिया गया फैसला सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा कोविड की तीसरी लहर आने की आशंका व्यक्त की जा रही है। ऐसे में किसी भी स्थान पर भारी भीड़ एकत्र होने से महामारी के प्रसार का खतरा है। इसलिए श्रद्धालुओं को अपने घरों में रहकर ही भगवान शिव की आराधना कर कोरोना महामारी की समाप्ति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। उत्तराखण्ड सरकार व जिला प्रशासन को सभी राज्यों के शिव भक्तों को गंगाजल उपलब्ध कराने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालु भक्तों को कोरोना महामारी को देखते हुए गुरू पूर्णिमा का पर्व भी सूक्ष्म रूप से मनाना चाहिए तथा केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइड लाईन का पालन करते हुए महामारी का प्रसार रोकने मे सहयोग करना चाहिए।

# नुक्कड़ नाटक से किया कोविड वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक



श्रीनगर। परम पर्वतीय रंगमंच के कलाकारों की ओर से कोविड वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिम्मेदारी है हमारी नुक्कड़ नाटक का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस मौके पर कलाकारों कोविड वैक्सीनेशन को लेकर लोगों को जागरूक किया। जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और वैक्सीनेशन प्रचार प्रसार समिति की ओर से श्रीनगर के गोला बाजार में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। जिसमें कोविड वैक्सीनेशन के महत्व को समझाते हुए हास्य और व्यंग्य के माध्यम से बताया गया कि नेपाली मूल के नागरिक जिनके पास पहचान पत्र नही है वो अपने किसी परिचित के पहचान पत्र के साथ टीकाकरण करवा सकते हैं। वहीं गर्भवती या बच्चे को दूध पिलाने वाली मां को भी कोविड वैक्सीन लगाया जा रहा है। आवश्यक कार्य से विदेश जाने वाले यदि वैक्सीन की पहली डोज ले चुके है तो दूसरी डोज उन्हें 84 दिन के स्थान पर 28 दिन में लगाई जा सकती है। जिसके लिए उन्हें अपने दस्तावेजों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में संपर्क करना पड़ेगा। इस मौके पर कलाकारों ने रखा विश्वास अफु पैं, हम जीती जौला गीत से कोविड सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने का निवेदन किया। इस मौके पर परम के टीम लीडर योगम्बर पोली, पारस रावत, रघुवीर पंवार, नीरज नेगी, रोहित मंद्रवाल, प्रीति रावत, अनामिका ने शानदार अभिनय किया। जिला सूचना अधिकारी बद्री चंद नेगी के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती बबली मैठाणी, मीना गुप्ता, कौशल्या भट्ट सहित एएनएम बबली द्वारा सहयोग दिया गया।

# भोजन माताओं को मिली नई जिम्मेदारी

बागेश्वर। जिले की भोजन माताओं को विभाग ने अब खाना बनाने के अलावा नई जिम्मेदारी दी है। कोरोना के चलते विद्यालय बंद होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। भोजन माताएं अब विद्यालयों में किचन गार्डन तैयार कर उसमें सब्जी आदि का उत्पादन करेंगी। इसके लिए उन्हें नियमित विद्यालय जाना होगा। जो माताएं ऐसा नहीं करेंगी उन्हें मानदेय लेने में परेशानी हो सकती है। मालूम हो कि प्राथमिक कक्षाओं से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चों को स्कूल में मध्याह्न भोजन दिया जाता है। कोरोना के चलते विद्यालय लंबे समय से बंद हैं। आठ तक पढने वाले बच्चों को मिड–डे मील की राशि और चावल दिया जा रहा है। इस कारण भोजन माताएं भोजन नहीं बना रही हैं।अब विभाग पोषण किचन गार्डन तैयार करेगा। कई विद्यालय में इस तरह का प्रयास हो रहा है, लेकिन अब हर विद्यालय में इसे तैयार किया जाएगा। विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं बन रहा है, जबकि भोजन माताओं को नियमित मानदेय दिया जा रहा है। पहले विभाग ने शिक्षकों को 12 जुलाई से स्कूल में उपस्थित होकर ऑनलाइन पढ़ाने के निर्देश दिए थे। साथ ही भोजन माताओं को मध्याह्न योजना के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा भत्ता भी उपलब्ध कराया जा रहा है। खाना नहीं बनने के कारण अब भोजन माताओं को नई जिम्मेदारी दी जा रही है। 1076 भोजन माताएं हैं जिले में कार्यरत: प्राथमिक, जूनियर हाइस्कूल तथा इंटर कॉलेज में मध्याह्न भोजन बनाता है। इसके लिए जिले में 1076 भोजन माताएं तैनात की हैं। इन पर कक्षा एक से आठ तक बच्चों के लिए भोजन बनाने की जिम्मेदारी है। मीनू के अनुसार ही भोजन तैयार किया जाता है। अब नई जिम्मेदारी कैसे निभाती है यह सब समय आने पर ही पता चल पाएगा।


# 13 साल बाद हो रहे अग्रवाल सभा के चुनाव को लेकर लोगों में उत्साह

ऋषिकेश। अग्रवाल सभा के वार्षिक चुनाव के पहले दिन ही 16 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे है। अध्यक्ष पद के लिए दो एवं महामंत्री पद के लिये एक ने नामांकन पत्र लिया है। 13 साल बाद हो रहे अग्रवाल सभा के चुनाव को लेकर लोगों में उत्साह है। 20 जुलाई तक नामांकन फार्म की बिक्री होगी। 29 जुलाई को सभा के चुनाव होने है। शनिवार को अग्रवाल सभा के वार्षिक चुनाव को अध्यक्ष पद के लिये सत्यनारायण अग्रवाल एवं पंकज गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए महेश गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए राजेश अग्रवाल, महामंत्री के लिए प्रदीप गुप्ता, सहमंत्री के लिए प्रवीण अग्रवाल,कोषाध्यक्ष के लिए अभिनव गोयल, लेखा निरीक्षक प्रथम के लिए नितिन गुप्ता, लेखा निरीक्षक द्वितीय के लिए लवीश अग्रवाल एवं कार्यकार्यरणी सदस्य के लिए पंकज अग्रवाल, महेश बंसल, नंद किशोर अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, ज्ञानप्रकाश अग्रवाल, प्रदीप नागलिया, संजय अग्रवाल ने नामांकन पत्र खरीदे है। 13 साल बाद हो रहे सभा के चुनाव को लेकर समाज के लोग उत्साहित है। मुख्य चुनाव अधिकारी संजीव गोयल ने बताया कि 22 जुलाई को नामांकन पत्र जमा किये जायेंगे। जबकि 23 को नामांकन वापस की प्रक्रिया होगी। 24 को जांच के बाद 29 जुलाई को सुबह 10 से 2 बजे तक चुनाव होगा। इसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी।

# चम्पावत में महालक्ष्मी योजना का शुभारंभ हुआ

चम्पावत। चम्पावत में महालक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने वर्चुअली योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान चम्पावत में डीएम विनीत तोमर ने 11 धात्रियों को किट बांटे। डीएम विनीत तोमर ने बताया कि योजना का लाभ इस वर्ष एक अप्रैल से 30 जनू तक जन्म लेने वाली कन्या और उसकी माता को मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना धात्री महिला और नवजात कन्या को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही है। बताया कि पहली दो बालिकाओं के जन्म पर एक–एक किट, जुड़वा होने पर महिला और दोनों कन्याओं को एक–एक किट दी जाएगी।

# शूटआउट 3रू गैंग वॉर्स आफ बॉबे में लीड रोल में दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर



शूटआउट फ्रेंचाइजी की फिल्मों ने दर्शकों पर अपना व्यापक प्रभाव छोड़ा है। इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म की घोषणा पिछले साल की गई थी। मार्च में खबर आई थी कि शूटआउट फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म का टाइटल शूटआउट 3रू गैंग वॉर्स ऑफ बॉम्बे रखा गया है। यह फिल्म 1992 के जेजे हॉस्पिटल शूटआउट कांड पर आधारित होगी। अब खबर सामने आ रही है कि इस फिल्म में अभिनेता आदित्य रॉय कपूर लीड रोल में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आदित्य संजय की शूटआउट 3रू गैंग वॉर्स ऑफ बॉम्बे में मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं। एक सूत्र ने कहा, ऐसा लगता है कि मलंग स्टार आदित्य एक्शन फिल्मों की डिमांड में शामिल हैं। फिल्म मलंग के ठीक बाद उन्होंने ओमरू द बैटल विदिन को साइन किया है। सुनने में आ रहा है कि शूटआउट फ्रेंचाइजी के निर्माताओं ने अगले प्रोजेक्ट को लीड करने के लिए आदित्य को चुना है। आदित्य की भूमिका के बारे में कोई विशेष जानकारी शेयर नहीं की गई है। आदित्य को इस फ्रेंचाइजी की अगली किस्त में देखने के लिए दर्शक उत्सुक होंगे। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टी–सीरीज और एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की पटकथा को वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई फेम रजत अरोड़ा लिखेंगे। शूटआउट फ्रेंचाइजी की यह फिल्म भी उनकी पिछली फिल्मों की तरह एक्शन से भरपूर होगी। 26 जुलाई, 1992 को मुंबई के गैंगस्टर अरुण गवली के लोगों ने अंडरवर्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के बहनोई इब्राहिम पारकर की हत्या कर दी थी। आरोप लगा कि अरुण ने अपने भाई की हत्या के जवाब में इब्राहिम को मारा। बदला लेने के लिए दाऊद के गिरोह ने दो हमलावरों शैलेश हलदनकर और बिपिन शेरे पर हमला किया, जो जेजे अस्पताल में भर्ती थे। गोलीबारी में हलदनकर मारा गया और बिपिन घायल हो गया। दो पुलिसवाले भी मारे गए थे।

इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला 2007 में रलीज हुई थी। इसमें अमिताभ बच्चन, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, तुषार कपूर और विवेक ओबेरॉय जैसे दिग्गज कलाकार अभियन करते नजर आए थे। वहीं, इस सीरीज की दूसरी फिल्म शूटआउट एट वडाला 2013 में रिलीज हुई थी। इसमें जॉन अब्राहम, अनिल कपूर और सोनू सूद को अहम भूमिकाओं में देखा गया था। फिल्म मुंबई पुलिस द्वारा 1 नंवबर, 1982 को पहली बार की गई मुठभेड़ पर आधारित थी।

आदित्य के वर्कफ्रंट की बार करें तो वह कई फिल्मों के प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। वह कपिल वर्मा की फिल्म ओम द बैटल विदिन को लेकर चर्चा में हैं। इसके अलावा वह वर्धन केतकर की फिल्म थाडम में भी नजर आ सकते हैं। इसमें उनके साथ चर्चित अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आएंगी।

# फिल्म कपूर एंड संस में काम करना चाहते थे अर्जुन कपूर



अर्जुन कपूर बॉलीवुड के सफल अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं। वह कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। अब अर्जुन ने एक इंटरव्यू में अहम खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि वह 2016 में आई फिल्म कपूर एंड संस में काम करना चाहते थे। उन्होंने इस फिल्म के निर्देशक शकुन बत्रा को भी फिल्म में शामिल करने के लिए कॉल किया था। वह इस फिल्म में फवाद खान का किरदार निभाना चाहते थे। क्लब हाउस के एक सेशन में जेनिस सिच्रो और अनिरुद्ध गुहा से बातचीत में अर्जुन ने बताया कि फिल्म कपूर एंड संस के निर्देशक शकुन को कास्टिंग में दिक्कतें आ रही थीं, तभी उन्होंने उन्हें कॉल किया था। वह फिल्म में काम करने के लिए इच्छुक थे। उन्होंने बताया, बहुत लोगों को पता नहीं होगा, लेकिन अब मैं इसके बारे में बता सकता हूं। जब कपूर एंड संस का प्रोजेक्ट रुका हुआ था, तब मैंने शकुन को कॉल किया था। उन्होंने बताया कि वह फिल्म में गे नॉवेलिस्ट की भूमिका निभाने चाहते थे, जिसे फवाद ने अदा किया था। उन्होंने कहा कि वह आज भी फिल्म में नहीं लेने के लिए शकुन को चिढ़ाते हैं। उन्होंने बताया, मुझे फिल्म का ऑफर नहीं मिला था। मैंने सुना था कि फिल्म की कास्टिंग में परेशानी आ रही है। मैं शकुन को जानता था इसलिए मैंने उन्हें कहा कि मैं स्क्रिप्ट पढना चाहूंगा। मुझे लगता है कि मैं वह रोल निभा पाऊंगा। कपूर एंड संस में फवाद ने राहुल कपूर का किरदार निभाया था। इस किरदार को फवाद ने खूबसूरती से निभाया था, जिसके लिए उनकी प्रशंसा भी हुई थी। फिल्म में राहुल गे हैं, इसकी जानकारी किसी को नहीं होती है। यह बॉलीवुड की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इसमें रत्ना पाठक शाह, रजत कपूर, फवाद, ऋषि कपूर, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा दिखे थे। फिल्म में परिवार के उलझे हुए रिश्तों को फिल्माने की कोशिश की गई है। अर्जुन के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आने वाले दिनों में फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में देखा जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी कर रहे हैं। इसमें उनके साथ जॉन अब्राहम, दिशा पटानी और तारा सुतारिया भी नजर आएंगी। इसके अलावा अर्जुन कॉमेडी हॉरर फिल्म भूत पुलिस में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। पवन कृपलानी के निर्देशन की इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान और जैकलीन फर्नांडिस भी अभिनय करती दिखेंगी।

# जिंदगी न मिलेगी दोबारा को 10 साल हुए पूरे, दोस्ती की मिसाल देने वाली थी फिल्म




सुपरहिट फिल्म जिंदगी न मिलेगी दोबाराच 15 जुलाई 2011 को रिलीज हुई थी. आज इस फिल्म को रिलीज हुए 10 साल हो गए हैं. तीन दोस्तों की जिंदगी पर आध ाारित इस फिल्म को फैंस ने काफी पसंद किया था. फिल्म को कई पुरस्कारों से भी नवाजा गया था. ऐसे में फिल्म के इस ट्रेलब्लेजर को सबसे मजेदार तरीके से मनाते हुए, दर्शकों को फिल्म के कलाकारों और निर्माताओं के साथ बीते दिनों को याद करने का मौका मिला है. ऋ तिक रोशन, फरहान अख्तर, अभय देओल, कैटरीना कैफ, जोया अख्तर, रीमा कागती और रितेश सिधवानी के साथ वीर दास द्वारा होस्ट किये गए टेबल रीड में इस यादगार फिल्म की स्क्रिप्ट के कुछ सबसे प्रतिष्ठित दृश्यों का याद किया गया है.एक बैचलर ट्रिप के दौरान, एक साथ डर को दूर करने की योजना के साथ तीन दोस्तों के लिए यह जीवन बदलने वाला सफर बन जाता है.सबसे आइकोनिक ट्रिप थी जिसके दोस्तों का हर ग्रुप तरसता है. एक ऐसी कहानी जो उस्ताद महिलाओं जोया अख्तर और रीमा कागती द्वारा सावधानी से बुनी गई है, उसने अपनी लिगेसी को बखूबी बनाये रखा है.जिंदगी ना मिलेगी दोबारा को दर्शकों से इन सभी वर्षों में अभूतपूर्व प्यार मिला है, फिल्म को अपनी रिलीज पर आलोचकों से भी प्रशंसा मिली थी. पूरी टीम फिल्म की दशक की सालगिरह का जश्न मनाने और कुछ बेहतरीन पलों को फिर से जीने के लिए वर्चुअली एक साथ आई है.जोया और रीमा की दृष्टि ने स्पेन में दोस्तों के साथ एक रोड ट्रिप फिल्म में दर्शकों को एक अनोखी और सबसे अच्छी साहसिक फिल्म दी है जो लोगों के साथ रेसनेट करती है, एक ऐसी फिल्म जो आज भी उतनी ही ताजा है.जिंदगी ना मिलेगी दोबारा एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत कई अन्य फिल्मों की तरह स्पष्ट रूप से समय की कसौटी पर खरी उतरी है. रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर समर्थित प्रोडक्शन हाउस की अगली स्लेट पर तूफान, केजीएफ चौप्टर 2, फोन भूत और युद्ध जैसी फिल्में हैं.

# ईशा कंसारा करने जा रही हैं टीवी पर वापसी, शो में निभाएंगी गर्भवती महिला का किरदार



एक्ट्रेस ईशा कंसारा अपने बेहतरीन टेलीविजन डेब्यू के बाद से दर्शकों को लुभाने के लिए जानी जाती हैं. अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों को प्रभावित करने के इतने वर्षों के बाद, ईशा अब स्टार प्लस के आगामी शो शजिघ्न्दगी मेरे घर आनाच के साथ टेलीविजन पर वापसी करने को लेकर बेहद उत्साहित है.ईशा जल्द ही इस शो में अमृता सखुजा की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगी, जो अपने आप में एक जटिल किरदार है, जो एक समय में कई मुकाम हासिल करता है. एक ओर जहां अमृता अपने ससुराल वालों के लिए एक समर्पित बहू हैं, वहीं वह गर्भवती मां भी हैं. अपने किरदार को पर्दे पर जीवंत करने के लिए प्रतिबद्ध, ईशा विभिन्न पहलुओं के माध्यम से अपने किरदार को आकार देने को लेकर काम कर रही है.अपने किरदार को लेकर तैयारियों के बारे में बात करते हुए, ईशा बताती हैं, अमृता बहुत ही असामान्य किरदार है और इसलिए यह अपने आप में चुनौतीपूर्ण है. यह एक अलग किरदार होने के नाते इसमें बहुत तैयारियों की जरूरत है. किरदार में फिट होने के लिए, मुझे आवश्यक बोली पर काम करना पड़ा क्योंकि यह शो नई दिल्ली में बसे एक पंजाबी परिवार के बारे में है. इसके अलावा, जैसा कि शो में अमृता को एक गर्भवती माँ के रूप में देखा जाएगा, मुझे आवश्यक व्यवहार के पैटर्न को अपनाने की आवश्यकता थी. शुक्र है, मेरे आसपास कुछ ऐसे दोस्त हैं

## दिवंगत पत्रकार के परिजनों को दी सहायता राशि

चम्पावत। कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले पत्रकार के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। डीएम विनीत तोमर ने शनिवार को कलक्ट्रेट में हुए संक्षिप्त कार्यक्रम में दिवंगत पत्रकार अशोक गुप्ता की पत्नी रजनी गुप्ता को पांच लाख रुपये का चेक दिया। डीएम विनीत तोमर ने बताया कि कोरोना

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक वीना जोशी द्वारा देवभूमि प्रिन्टर्स, सरस मार्केट, हल्द्वानी, नैनीताल रोड, (नैनीताल) से मुद्रित एवं 12, बसन्त विहार छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित।

**सम्पादक : वीना जोशी**

**सभी विवादों का निपटारा हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होगा। प्रकाशित समाचारों के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है।**